तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

5 विधायक मूणत ने 36 मेधावी विद्यार्थियों को दिए 5-5...



5 किसानों ने भरी हुंकार, 9 सूत्रीय मांग लेकर...



## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी जेल दाखिल

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में पिछले दिनों मामूली विवाद पर युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने नाबालिग सहित जिन तीन बदमाशों को हिरासत में लिया था, उन लोगों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। सिद्धार्थ भतपहरी की हत्या के आरोप में पुलिस ने इंजीनियरिंग के छात्र तरुण शुक्ला के साथ उसके दोस्त सुभाष शर्मा तथा एक नाबालिग को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। थप्पड़ मारे जाने से नाराज तरुण ने अपने साथियों के साथ मिलकर सिद्धार्थ की हत्या कर उसकी लाश जलाने की कोशिश की थी।

### सूने मकान में 85 हजार की चोरी



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान में प्रवेश कर नकदी 25 हजार रुपए, मोबाइल, लैपटॉप सहित 85 हजार रुफए कीमत का अन्य कीमती सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडरी में किराए के मकान में रह रहे फैजल खान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। फैजल ने पुलिस को बताया है कि वह बाथरूम में नहाने गया था, इस दौरान कोई अज्ञात चोर उसके मकान में प्रवेश कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया।

### ट्रांसपोर्टर ने ड्राइवर के खिलाफ लिखाई ठगी की रिपोर्ट

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक ने अपने पूर्व ड्राइवर के खिलाफ फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर इस्तेमाल कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। करनदीप सिंह आहलुवालिया ने अजय कुमार मिश्रा के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। करनदीप ने पुलिस को बताया है कि अजय कुमार मिश्रा उसके एक ट्रक की नंबर प्लेट का नंबर अपने ट्रक में लगा कर चला रहा था। जबलपुर से 10 हजार रुपए का ई-चालान आने पर करनदीप को इस बात की जानकारी मिली।

### मैरिज पैलेस में जुआ खेलते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर थाने की पुलिस ने भाठागांव स्थित सोनकर मैरिज पैलेस तथा सोनकर बाड़ी में अलग-अलग फड़ सजाकर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने नौ हजार 300 रुपए जब्त किया है। जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने शिव सिंह राजपूत, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, गोविंद सिंह खुराना, जितेन्द्र कुमार कन्नौजे, राजकुमार अग्रवाल तथा महेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है।

# विदा ले रहा मानसून, 139 दिन छत्तीसगढ़ में एक्टिव रहने के बाद कांकेर से रवानगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


अलग खबर

दस साल के रिकार्ड को पीछे छोड़कर 28 मई को सुकमा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई शुरू हो गई है। 139 दिन सक्रिय रहने के बाद कांकेर से इसकी रवानगी शुरू हुई है। अगले दो दिन के भीतर इसके रायपुर और सप्ताहभर के अंदर अंबिकापुर छोड़ने की संभावना है। मानसून की उपस्थिति के दौरान राज्य में 1242 मिमी. बारिश हो चुकी है, जिसमें सर्वाधिक बलरामपुर जिले में 1579 मिमी है। मानसून के प्रदेश से विदाई प्रारंभ होने की सामान्य तारीख 5 अक्टूबर है। इस बार कांकेर से इसकी शुरुआत 6 दिन लेट 13 अक्टूबर को हुई है। माना जा रहा है परिस्थिति अनुकूल होने के कारण सप्ताहभर के भीतर यह पूरा छत्तीसगढ़ छोड़ देगा। मानूसन प्रदेश में इस बार समय से पहले आया था, मगर एंट्री कमजोर रही। बारिश का दौर जून के दूसरे सप्ताह में ही प्रारंभ हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार दस्तक से लेकर विदाई की शुरुआत के 139 दिन में राज्य में अपने औसत वर्षा का कोटा पूरा करने के बाद वापस लौटना प्रारंभ कर चुका है। रेनी सीजन यानी 30 सितंबर तक पर्याप्त मात्रा में बरसने के बाद पोस्ट मानसून के रूप में भी इसकी उपस्थिति अक्टूबर में काफी दिनों तक रही।

## 28 मई को सुकमा से हुआ प्रवेश, 13 अक्टूबर को कांकेर से वापसी

### अब व्यापक असर नहीं

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब राज्य के अलग-अलग हिस्सों में स्थानीय प्रभाव से हल्की बारिश हो सकती है, मगर इसका व्यापक असर होने की संभावना काफी कम है। मानसून की रवानगी होने तक राज्य में 1242 मिमी. बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा 1579 मिमी. बलरामपुर में और सबसे कम 551 मिमी. पानी बेमेतरा जिले में हुआ है। रायपुर में बारिश की स्थिति 1089 रही है जो अपनी औसत वर्षा को पूरा करता है।



### बादल छंटे तो गर्मी लगी

सोमवार को छाए बादल काफी मात्रा में छंट गए। इसके बाद निकली धूप के प्रभाव से गर्मी महसूस होती रही। माना जा रहा है कि आसमान साफ होने की वजह से अब रात के न्यूनतम तापमान में कमी आएगी, इससे ठंड का प्रभाव बढ़ेगा। अब शहरी इलाकों में भी सुबह-सुबह ठंड का असर महसूस होने लगा है। वहीं आउटर में धुंध का प्रभाव भी नजर आने लगा है। पेंड्रा जैसे इलाके में रात का तापमान 18 डिग्री से कम हो गया है, मगर रायपुर में 23-24 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है।

# साइंस कॉलेज हॉस्टल पर बदमाशों का हमला, छात्रों को पीटा, कई हुए घायल

*साक्ष्य मिटाने वीडियो बना रहे विद्यार्थी का फोन भी लूटकर भागे बदमाश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छात्रों संग प्राचार्य पहुंचे थाने

विज्ञान महाविद्यालय में रविवार देर रात बाहरी लड़कों ने कैंपस में घुसकर हॉस्टल के लड़कों को पीटा। मामला हॉस्टल के सामने पेशाब करने से कुछ लड़कों को रोकने से शुरू हुआ। रविवार शाम तीन-चार लड़के हॉस्टल के सामने पेशाब व गंदगी कर रहे थे। हॉस्टल के लड़कों ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो वे वहां से चले गए। इसके बाद ये ही लड़के 20-30 की संख्या में अन्य लड़कों को लेकर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने गंदगी करने से रोकने वाले छात्रों को पीटना शुरू कर दिया। अपने दोस्तों की पिटाई होता देखकर हॉस्टल के अन्य छात्र बीच-बचाव करने पहुंचे। इसके बाद बाहर से आए लड़के हॉस्टल छोड़कर भाग गए। सूत्रों के अनुसार, हॉस्टल के एक विद्यार्थी द्वारा पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया जा रहा था। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से बाहरी लड़के उस विद्यार्थी का फोन भी छीनकर भाग गए। विज्ञान महाविद्यालय के अंतर्गत तीन छात्रावास संचालित हैं। मामले की जानकारी मिलते ही तीनों छात्रावास ▶▶|शेष पेज 8 पर






### हमारे विद्यार्थी नहीं

मारपीट करने वाले हमारे छात्र नहीं हैं। वे बाहर से आए थे। हमने रात में ही पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

\- प्रो.अमिताभ बनर्जी
प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### हमने उन्हें पहली बार देखा

इधर, मामले की जानकारी मिलते ही प्राचार्य सहित महाविद्यालय प्रबंधन भी मौके पर पहुंचा। चोटिल छात्रों को संग लेकर वे अस्पताल गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चोट अधिक गहरा नहीं होने के कारण सभी छात्रों को तत्काल डिस्चार्ज कर दिया गया। इलाज के बाद छात्रों को अस्पताल से लेकर प्रबंधन देर रात वापस लौटा। जब महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों से मारपीट करने वाले लड़कों के बारे में जानकारी मांगी तो उनका कहना था कि उन्होंने पहली बार मारपीट करने आए लड़कों को देखा था। इससे पहले ना तो व्यक्तिगत रूप से और ना ही महाविद्यालय में अध्ययन अथवा अन्य कार्य के दौरान उन व्यक्तियों से कभी सामना हुआ था। पुलिस पूछताछ में भी यही बात सामने आई।

# नवजात के सीने के समीप मां की एचआईवी की तख्ती, एफआईआर दर्ज


मासूम के सीने के पास चस्पा कर दी तख्ती, इसकी मां एचआईवी पॉजिटिव है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

आंबेडकर अस्पताल में नवजात शिशु के सीने के पास एचआईवी की तख्ती लगाए जाने की शर्मनाक घटना से आहत एक संगठन ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मौदहापारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। संगठन की शिकायत पर पुलिस ने शिशु रोग गहन चिकित्सा विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 37 एचआईवी, ▶▶|शेष पेज 8 पर


### हाईकोर्ट ने लिया था संज्ञान

हरिभूमि की खबर पर एक संगठन ने शिशु रोग विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके पूर्व हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए विशेष सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### पिता के दुख से आहत होकर शिकायत

प्रीतम ने नवजात के पिता को रोने का कारण पूछा, तो उसने प्रीतम को बताया कि बच्चे की मां एचआईवी संक्रमित है। नवजात के पिता ने इस बात की जानकारी शिशु रोग विभाग को दी, तो विभाग के जिम्मेदारों ने नवजात के सीने के पास नवजात की मां के एचआईवी संक्रमित होने की तख्ती लगा दी। बच्चे के पिता के परिचितों को उसकी पत्नी के एचआईवी संक्रमित होने की जानकारी मिली। इसके परिचित बच्चे के पिता का मजाक उड़ाने के साथ ताना मार रहे हैं। इससे आहत होकर नवजात का पिता अस्पताल के गेट के पास रो रहा था। बच्चे के पिता के दुख से आहत होकर प्रीम ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

# लाइसेंस जारी कराए बिना खुलने लगी पटाखों की दुकानें, 216 में 83 को जारी, 86 रिजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के लिए शहर में स्थाई एवं अस्थाई पटाखा की दुकानें खुलने लगी हैं। प्रशासन ने दुकान खोलने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य किया है। बिना लाइसेंस के पटाखा दुकान खोलने पर कार्रवाई करने का प्रावधान है। इसके बाद भी राजधानी रायपुर सहित जिले में कई व्यवसायी ने बिना लाइसेंस जारी कराए ही पटाखा की दुकानें खोलने की तैयार कर ली है, वहीं कइयों ने दुकान खोल भी ली हैं। इधर अस्थाई दुकानों के लिए 216 लोगों ने आवेदन किए हैं, जिनमें से अब तक 83 दुकानों को लाइसेंस जारी हुए हैं, वहीं 86 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। इसके अलावा 44 आवेदन लंबित हैं।

### दस्तावेजों की कमी के कारण रिजेक्ट

जिला प्रशासन ने पटाखा दुकान के लिए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। इसके कारण इस बार स्थाई और अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन भी पिछले वर्ष की तुलना में कम आए हैं। लाइसेंस जारी करने संबंधी गाइड लाइन बनी हुई है। प्रशासन इसी गाइड लाइन के अनुसार लाइसेंस जारी करता है। जिन लोगों ने अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन किए हैं, उनमें से 86 आवेदन रिजेक्ट किए गए हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार इन सभी आवेदनों के दस्तावेज में कोई न कोई कमी पाई गई है, जिसके कारण उन्हें रिजेक्ट किया है। अस्थाई के अलावा स्थाई दुकानों के 23 आवेदनों में 3 रिजेक्ट किए गए हैं।

### इस बार ज्यादा अवैध दुकानें खुलेंगी

पटाखा लाइसेंस के लिए पूर्व में कलेक्टोरेट स्थित कमरा नंबर 17 में ऑफलाइन आवेदन जमा कराए जाते थे, लेकिन अब लोकसभा सेवा केंद्र के ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन करने की समय-सीमा 15 सितंबर को खत्म हो चुकी है। जिस तरह से अभी तक लाइसेंस जारी हुए है, उसे देखते हुए जिले में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार की दीपावली में पटाखा की अवैध दुकानें ज्यादा खुलने की संभावना है।

## सबसे ज्यादा सोने-चांदी का 800 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान

# पुष्य नक्षत्र पर आज बाजार रहेंगे गुलजार, जमकर होगा कारोबार

*जीएसटी कम होने का मिलेगा इस बार ग्राहकों को लाभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में धनतेरस से पहले मंगलवार और बुधवार को पुष्य नक्षत्र पर हर सेक्टर के बाजार गुलजार रहेंगे। सबसे ज्यादा सोने-चांदी का करीब आठ सौ करोड़ का कारोबार प्रदेश में होने का अनुमान है। इसके बाद मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में चार सौ करोड़, कपड़ा बाजार में दो सौ करोड़ और ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी करीब दो सौ करोड़ का कारोबार होगा। इस बार जीएसटी कम होने का ग्राहकों को लाभ मिलेगा। सभी सेक्टरों को मिलाकर एक ही दिन में डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है। धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र पर प्रदेशभर के बाजार में दो दिनों तक बूम रहेगा। पुष्य नक्षत्र में भी ▶▶|शेष पेज 8 पर




### सबसे ज्यादा बिकेगा सोना

इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। सोना इस समय एक लाख तीस हजार और चांदी की कीमत भी एक लाख 70 हजार हो गई है। कीमत में धनतेरस तक और इजाफा हो जाएगा। पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में सुबह से लेकर रात तक ग्राहकों का मेला लगेगा। निवेशक भी निवेश के लिए सोना खरीदेंगे। चांदी में निवेश करने वाले चांदी लेंगे। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स में बरसेंगे 400 करोड़

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी दो दिनों तक खरीदारी होगी। कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक आज का दौर युवाओं का दौर है। इस दौर में महंगे गैजेट लेने का चलन ज्यादा है। ऐसे में 50 हजार से लेकर डेढ़ से दो लाख तक के मोबाइल की बिक्री ज्यादा हो रही है। इसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक्स में अगर एलईडी की बात करें तो एक लाख से दो लाख तक के एलईडी को ज्यादा पसंद किया जाता है। कम रेंज वाली एलईडी भी मध्यम वर्ग के लोग लेते हैं। इसी के साथ एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, लैपटॉप, कंप्यूटर होम ▶▶|शेष पेज 8 पर




॥ अह त्वदस्मि मदसि त्वम् ॥
मैं तुझसे हूँ, तु मुझसे है...
पुष्य नक्षत्र व धनतेरस
के शुभ योग पर घर लाएं
समृद्धि व खुशियाँ
शुद्धता और विश्वास जो बनाएं त्यौहारों को और भी खास
संस्कृति अलङ्कार (ज्वेलर्स)
सोने, रजत, जडाऊ और
कुंदन ज्वेलरी का विशाल संग्रह
बैद मार्केट के सामने, सदर बाजार, रायपुर
8109716610, 7999041507
sanskritialankarjewellers
@SANSKRITIALANKARJEWELLERS

## लाइव इवेंट

# चिकित्सा शिक्षा में मातृ भाषा के प्रयोग पर वक्ताओं ने कार्यशाला में दिया जोर



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में चिकित्सा शिक्षा विभाग और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 10 से 17 अक्टूबर तक कई तरह के आयोजन किए जा रहे हैं! इस परिपेक्ष्य में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा में नवाचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर के कुलपति प्रो. डॉ. अशोक खंडेलवाल ने कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया। चिकित्सा शिक्षा में मातृ भाषा के प्रयोग पर जोर देते हुए मुख्य वक्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी में मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने वालों के लिए कई किताबों का हिंदी में अनुवाद किया जा चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा में मातृ भाषा को शामिल करना है, ताकि शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ बनाया जा सके।

### चिकित्सा शिक्षा की क्षमता को बढ़ाने के लिए करें पहल

उन्होंने बताया कि खासकर ग्रामीण या हिंदी माध्यम पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए इस तरह की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। डॉ. खंडेलवाल ने छात्रों को सशक्त बनाने और जटिल चिकित्सा अवधारणाओं को अधिक प्रभावी ढंग से समझने और उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए ऐसी पहल पर जोर दिया। कार्यशाला के समापन में दंत चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र वाढेर ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने समय के साथ चिकित्सा शिक्षा के लिए तैयार पाठ्यक्रम को भी मातृ भाषा में अपनाने पर जोर देते हुए प्रयोग को समर्थन दिया। उन्होंने गणमान्य लोगों की उपस्थिति और आयोजन समिति के प्रयासों से छात्रों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए सराहना भी की।

## सिटी इवेंट

# एआई फीचर्स से लैस लेटेस्ट स्मार्ट फोन्स का युवाओं में बढ़ने लगा क्रेज



रायपुर। शहर के मोबाइल बाजार में इन दिनों एआई फीचर्स वाले स्मार्ट फोन की मांग तेजी से बढ़ रही है। ग्राहक अब फोन का चयन करते समय कैमरा क्वालिटी, बैटरी बैकअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक वाले मोबाइल की सुविधा लेने में रुचि ले रहे हैं। इसके चलते विभिन्न मोबाइल दुकानों में विवो, गूगल और ओप्पो जैसी कंपनियों के एआई फीचर्स से लैस लेटेस्ट स्मार्ट फोन की बिक्री में खासा इजाफा देखा जा रहा है। दुकानदार हर ब्रांड्स के नए मॉडल्स की श्रृंखला ग्राहकों के लिए सजाने लगे हैं, जो आकर्षित भी कर रहे हैं और रोजाना लाखों रुपए का कारोबार हो रहा है। मोबाइल शॉप के मालिक बताते हैं कि उनके दुकान में ज्यादा विवो के फोन मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि विवो Y400 5G मिड-रेंज स्मार्ट फोन है, जो 6.67-इंच फुल एचडी डिस्प्ले, स्नैप ड्रैगन प्रोसेसर और बड़ी बैटरी के साथ आता है। इसमें डुअल रियर कैमरे में फ्रंट कैमरे के साथ फास्ट चार्जिंग जैसी खूबियां हैं।

### फोटो एन्हांस व मीटिंग के लिए एआई का इस्तेमाल

दुकान संचालक ने बताया कि इसमें एक्सटेंडेड भी मिलती है। इसके साथ ही एआई ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट, एआई नोट असिस्ट, एआई फोटो एन्हांस जैसे स्मार्ट फीचर हैं। एआई ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग को सुनकर उसे लिखित टेक्स्ट में बदलता है। यह मीटिंग, व्याख्यान या बातचीत जैसे ऑडियो को स्वचालित रूप से टाइप करता है। एआई नोट असिस्ट का उपयोग मीटिंग या व्याख्यानों से मुख्य जानकारी को व्यवस्थित और संक्षेप में प्रस्तुत करने के लिए किया जाता है। एआई फोटो एन्हांस तस्वीरों की गुणवत्ता में सुधार करती है। यह कम रोशनी वाली तस्वीरों को चमकाने, पुराने और फटे-पुराने फोटो को ठीक करने या धुंधली तस्वीरों को स्पष्ट करने जैसे काम कर सकती है।


### बैकग्राउंड से लोगों या ऑब्जेक्ट्स को हटा रहा एआई

मोबाइल जोन के मालिक सुनील बताते हैं कि वर्तमान में ग्राहक एआई, कैमरा क्वालिटी और बैटरी जैसे फीचर को देखते हैं। ओप्पो के नए और पुराने वर्जन की डिमांड हैं। जिसमें कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर शामिल हैं। यह स्मार्ट फोन अपने बैटरी, फास्ट चार्जिंग और टिकाऊ डिजाइन के लिए जाना जाता है। एआई इरेजर 2.0 से फीचर तस्वीरों में से अवांछित तत्वों, जैसे बैकग्राउंड से लोगों या ऑब्जेक्ट्स को आसानी से हटा देता है। रिफ्लेक्शन रिमूवर की मदद से तस्वीरों से चमक और प्रतिबिंब को तुरंत हटा देता है। खासकर कांच या चमकदार सतहों से लिए गए शॉट्स में एआई अनब्लर यह टूल धुंधली तस्वीरों को ठीक करके उन्हें और साफ करता है। एआई ब्यूटी इस मोड से सेल्फी और पोर्ट्रेट शॉट्स में चेहरे को एआई की मदद से और बेहतर बनाता है। सुनील बताते हैं कि अभी फोन में एआई के फीचर मिलेंगे। लगभग हर स्मार्टफोन कंपनी अपने नए मॉडलों में एआई फीचर्स को शामिल कर रही हैं। जिससे ग्राहकों को बेहतर सुविधा मिल रही है।

## राजधानी के थोक और रिटेल मार्केट में धनतेरस से जुड़ी उम्मीद, सोने-चांदी के भाव बढ़ने से लोग तलाश रहे विकल्प

# फेस्टिवल सीजन में तांबा, पीतल-कांसे के बर्तनों का सजा बाजार, देवी- देवताओं की मूर्तियों को खरीदने का क्रेज

'फेस्टिवल सीजन के लिए तांबे- पीतल और कांसे का बर्तन बाजार लोगों की दस्तक से गुलजार होने लगे हैं। सोने-चांदी के बढ़े हुए भाव को देखते हुए एक बड़ा वर्ग धनतेरस पर घरेलू बर्तन के साथ आराध्य देवी-देवताओं की मूर्तियों को घर ले जाने का विकल्प भी बाजार में तलाशने के लिए निकलने लगा है। प्रदेशभर में तांबे, पीतल और कांसे के बर्तन व्यवसाय का केन्द्र होने से रिटेलर्स भी अब धनतेरस को खास बनाने के लिए बल्क में बुकिंग भी करवा रहे हैं। इससे शहर के गोलबाजार में ग्राहकों की आवाजाही से रौनक भी बढ़ने लगी है।'



**रायपुर।** इस दिवाली को खास बनाने के लिए गोलबाजार थोक बर्तन बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। प्रदेशभर में दुकानों का संचालन करने वाले व्यापारियों की माने तो इस फेस्टिवल सीजन में कारोबार बूम करने वाला है। इसकी बड़ी वजह त्योहार से पहले सोने और चांदी के भाव में आई तेजी है। इसे देखते हुए तांबा, कांसा और पीतल के व्यवसाय से जुड़े लोगों में धनतेरस पर जरूरी सामान खरीदने की परंपरा निभाने के लिए एक बड़ा वर्ग बर्तन बाजार का रूख करेगा, यह उम्मीद है। कारोबारी जुगनु राम साहू और दिनेश साहू बताते हैं कि इस फेस्टिवल सीजन में प्रदेशभर में सिर्फ बर्तन मार्केट में ही 50 करोड़ से ज्यादा का व्यवसाय करने की आस जुड़ी हुई है। इसके लिए दुकान संचालकों ने लोगों की जरूरत और पसंद को ध्यान में रखते हुए बर्तनों की विशाल श्रृंखला अपने शॉप में सजाई हैं।



### पूजा के लिए देवी-देवताओं की मूर्ति खास

त्योहारी सीजन में ही नहीं, बल्कि सामान्य दिनों में भी धातु से निर्मित देवी-देवताओं की मूर्तियों के लिए ग्राहक आते हैं। ज्यादातर लोग धनतेरस और दिवाली की रात परिवार के लिए सजाए गए पूजाघर में आराध्य देवों की नई मूर्ति को स्थापित करने के लिए पूछ-परख करते हैं। इस बार लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती की संयुक्त मूर्तियों का क्रेज ज्यादा है। अब लोग मिट्टी की मूर्तियों के स्थान पर तांबा-कांसा और पीतल से निर्मित मूर्तियों को खरीदना पसंद करते हैं। लड्डू गोपाल, नारायण और लक्ष्मी, ब्रम्हा और गौरी-गणेश की मूर्तियों के लिए लोग वजन के हिसाब से आर्डर भी करते हैं।

### नए-पुराने बर्तनों के लिए रेट में अंतर कम



दुकान संचालकों ने बताया कि थोक बाजार में तांबे के नए बर्तन को 1500 से दो हजार रुपए की रेंज में बेचा जा रहा है, जबकि पुराने बर्तन को एक हजार रुपए में वापस भी लिया जा रहा है। कांसे का रेट भी लगभग तांबे के बर्तन जैसा ही है। केवल पीतल के बर्तनों की खरीदी 800 से 1200 रुपए प्रति किलो में की जा रही है। पुराने बर्तनों को 500 रुपए प्रति किलो की दर से दुकानदार वापस भी ले रहे हैं। दिनेश साहू ने बताया कि ज्यादातर लोग पुराने बर्तन को बदलने के बाद और पैसे लगाकर नए बर्तन को धनतेरस के दिन खरीदना पसंद करते हैं। ग्राहकों की पसंद के लिहाज से तैयारी की गई है।



### इन बर्तनों की रिटेलर्स सजा रहे हैं श्रृंखला

धनतेरस पर अच्छी ग्राहकी के लिए तांबे की बाल्टी, लोटा, गिलास, थाली की डिमांड रिटेलर्स का एक बड़ा वर्ग श्रृंखला सजाने के लिए बल्क में आर्डर बुक करवा रहा है। इसी तरह कांसे और पीतल के बर्तनों की पूछ-परख भी दुकानों में बढ़ने की आस है। इस बार रेट में ज्यादा अंतर नहीं होने से लोग धनतेरस को खास बनाने के लिए किचन में जरूरी सामानों में गुंडी, लोटा, थाली, गिलास, परात सहित बाल्टी और पेयजल रखने के लिए हौला भी खरीदने में रुचि ले रहे हैं। इसे देखते हुए रिटेलर्स ने धनतेरस के लिए बर्तनों की श्रृंखला भी दुकानों में ग्राहकी बढ़ाने के लिए सजाने लगे हैं।

# स्वच्छता व वेस्ट टू वेल्थ प्रोग्राम से दिया स्वस्थ पर्यावरण का मैसेज

एनआईटी रायपुर में दो दिवसीय स्वच्छता एवं वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया



रायपुर। एनआईटी रायपुर में दो दिवसीय स्वच्छता एवं वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एनआईटी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना क्लब द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना रहा, जो स्वच्छ और हरित भारत की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप है। यह अभियान संस्थान के कैंटीन के सामने से प्रारंभ हुआ, जहां कई एनएसएस स्वयंसेवक, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से स्वच्छता अभियान में भागीदार बने। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक परिसर के आसपास की सफाई की, कचरा एकत्र किया और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने की संदेश दिया। वहीं, संस्थान के गो ग्रीन क्लब ने 'वेस्ट टू वेल्थ' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने विशेष प्रतियोगिता की पहल की। वेस्ट टू वेल्थ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वेस्ट प्लास्टिक मटेरियल्स से पेन स्टैंड, रस्सी व पेपर से लैंप स्टैंड जैसी डेकोरेटिव व उपयोगी सामान तैयार किए। ये वेस्ट से बेस्ट सामान देखने में आकर्षक और दैनिक जीवन में उपयोगी हैं। इससे जहां अपने आस-पास बिखरे वेस्ट सामग्री की सफाई हो जाने के साथ-साथ उसका उपयोगी सामान में परिवर्तन से वेस्ट सामग्रियों के स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है।

### वेस्ट से बनाया बेस्ट तो मिला पुरस्कार

इस प्रतियोगिता में जयादित्य रेड्डी, पौथिब रॉय और आतिक ज्योतिदास ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति सृजनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित किया। साथ ही वेस्ट वस्तुओं को बेस्ट बनाने की अवधारण को सिद्ध किया। प्रतियोगिता में लगभग 50 सदस्यों की 25 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने वेस्ट टू वेल्थ में अपशिष्ट सामग्री को उपयोगी एवं आकर्षक उत्पादों में परिवर्तित कर अपनी अभिनव प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# देशबंधु स्कूल में दिवाली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता



रायपुर। भारत अपनी संस्कृति और उत्सवों के लिए विश्वभर में जाना जाता है। इन्हीं उत्सवों की श्रृंखला में दीपावली का पर्व जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता का संदेश लेकर आता है। इसी अवसर पर शनिवार को देशबंधु उच्चतर माध्यमिक शाला में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंगबिरंगी रंगोलियों से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी वर्ग तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला व सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक रंगोलियां बनाईं, जिनमें भारतीय संस्कृति और दीपावली के पारंपरिक प्रतीक झलकते दिखाई दिए।

### ईमामी महापात्रा प्रथम

निर्णायक मंडल में प्रमोद साहू, वर्षा लाहोटी और कामिनी सांघरे शामिल रहे। प्रतियोगिता में विजेताओं में प्रथम ईमामी महापात्रा, द्वितीय स्थान पर संतवाना गैर्य, प्रताप सिंह, ऋति शर्मा, एरीना अब्राहम और तृतीय वैष्णवी अग्रवाल, पल्लवी साहू, ऋग्वेद शर्मा रहे। विद्यालय के प्राचार्य एमवी रमन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को कला, खेल और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सृजनात्मकता की सराहना की और विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

## दीये, झूमर और मूर्तियों की खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़

# मिट्टी के दीयों से सजा बाजार, कुम्हारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में रौनक बढ़ने लगी है। पारंपरिक संस्कृति में दीपावली का उत्सव मिट्टी के दीयों के बिना अधूरा माना जाता है और इसी परंपरा को जीवंत रखते हुए इस बार भी शहर के कुम्हार हजारों की संख्या में सुंदर व अनोखी डिजाइन्स में मिट्टी के दीये तैयार कर रहे हैं। गोलबाजार, पुरानी बस्ती चौक, सुंदरनगर,आमापारा, रायपुरा, महादेवघाट और कालीबाड़ी चौक पर दुकानें सज चुकी हैं, जहां रोजाना सैकड़ों दीयों की खरीदी-बिक्री हो रही । इस बार दीयों को भी खास आकर्षक डिजाइन में तैयार किया गया है, जिससे ये न केवल पूजा के लिए, बल्कि उपहार स्वरूप भेंट भी किए जा सकते हैं।

इस वर्ष दीपावली पर्व पर लोगों ने स्वदेशी वस्तुओं का हाथ थामा है। बाजार में चाइनीज और प्लास्टिक दीयों के बदले मिट्टी के दीयों की खरीदी बड़ी संख्या में हो रही है। ऐसे में कम से कम कीमत पर कुम्हारों ने डिजाइनर दीये तैयार किए हैं। भारी खरीदी से कुम्हारों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई है। ऐसे में डिजाइनर दीये, मां लक्ष्मी के पदचिन्ह, कलश, मां लक्ष्मी की मूर्ति और तोता बाजार में लाया गया।



### चिकनी मिट्टी से तैयार झूमर की डिमांड

इस बार दीपावली बाजार में मिट्टी के झूमर मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सजावटी मिट्टी के झूमर और डिजाइनर बड़े साइज के दीपक की डिमांड सबसे अधिक है। दुकान संचालक ने बताया कि चिकनी मिट्टी से तैयार इन झूमरों की कीमत 300 रुपए से शुरू है, और इन्हें लोग दीपावली पर घर सजाने के लिए बड़े उत्साह से खरीद रहे हैं।



### दीपक में ऊं, स्वास्तिक, फूलों के डिज़ाइन

गोलबाजार स्थित एक दुकान संचालिका कोमल परिहार ने बताया कि दीपावली को ध्यान में रखते हुए करीब 2 हजार मिट्टी के दीपक खरीदे थे, जिनमें से अब तक 1500 बिक चुके हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में फिर से 2-3 हजार दीयों की खरीदी करेंगे। इस बार मिट्टी के दीपक में ऊं, स्वास्तिक, फूलों के डिजाइन और पदचिह्न हैं। कीमत की बात करें तो 10 रुपए में 4-5 दीये बिक रहे।

### मिट्टी से तैयार मां लक्ष्मी के पदचिन्ह



रायपुर स्थित दुकान संचालक राहुल चंद्राकर ने बताया कि घर, मंदिर व संस्थानों के लिए दीपक की खरीदी हो रही है। दुकान में कलश, दीया, मां लक्ष्मी की मूर्ति व पदचिन्ह और हाथी, मोर, तोता, कछुए की आकृति में सजा दीपक लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसकी कीमत 100-130 रुपए तय की गई, ऐसे में कई उपहार के तौर पर भी इन दीपक की खरीदी कर रहे हैं। पहले जहां प्लास्टिक और स्टीकर पर पदचिन्ह बाजार में सजते थे, इस बार 20-100 रुपए में ही मिट्टी से तैयार पदचिन्ह दुकान में उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### फेडरेशन के सुसज्जित हॉल का लोकार्पण आज

**रायपुर।** भनपुरी मे जीर्णोद्धार एवं नए साजसज्जा से सज्जित फेडरेशन के हॉल का 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लोकार्पण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित है। इसमें रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राज़ीव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष शंकर बजाज एवं सचिव लव बंसल ने बताया कि ऑडिटोरियम में करीब डेढ़ सौ लोगों के बैठने की क्षमता है। पूर्णतः वातानुकूलित एवं आधुनिक साउंड सिस्टम से लैस हॉल व्यापारिक गतिविधियों के आयोजन के लिए उपयोग में लाया जाएगा। फ़ेडरेशन के करीब 250 उद्योगपति सदस्य समारोह मे उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर टाटा सोलर द्वारा प्रस्तुतिकरण भी दिया जाएगा। वर्तमान में सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों एवं आम जनता को दी गई राहत पर समारोह में मंत्री ओपी चौधरी का सम्मान किया जाएगा।

### कृषि विवि के कुलसचिव ने ग्रहण किया पदभार



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलसचिव कपिलदेव दीपक ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभारी कुलसचिव डॉ.सीपी खरे से कुलसचिव पद का प्रभार लिया। कुलसचिव ने विवि के अधिकारियों को सभी कार्य सुचारू रूप से संचालित करने निर्देश दिए। गौरतलब है कि कपिलदेव दीपक का मूल पद कृषि विभाग में संयुक्त संचालक का है। बीते दिनों कृषि विभाग द्वारा आदेश जारी कर उन्हें कृषि विवि के कुलसचिव का दायित्व सौंपा गया था।

# माशिम व सीबीएसई का परीक्षा पैटर्न होगा एक समान, 9वीं से 12वीं तक नए ब्लूप्रिंट पर होंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल, सीबीएसई सहित देशभर के शिक्षा बोर्ड में एकरूपता लाने की कवायद शुरू हो गई है। देश के सभी एजूकेशन बोर्ड के 10वीं और 12वीं के रिजल्ट यानी सर्टिफिकेट का मानक एक जैसा करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसे लेकर एनसीईआरटी अर्थाता राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने एक्सपर्ट कमेटी गठित की है।यह बदलाव छात्रों को लाभ प्रदान के उद्देश्य से किया जा रहा है। एक्सपर्ट के मुताबिक ऐसा होने से 12वीं के बाद दाखिला होने के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में सभी बोर्ड के छात्रों को समान अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

अभी तक एंट्रेंस एग्जाम को सीबीएसई के पक्ष का माना जाता है। अर्थात ऐसा माना जाता है कि सीबीएसई की परीक्षाओं का जो पैटर्न है, उस पैटर्न के आधार पर 10वीं-12वीं परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद मिलती है। एनसीईआरटी द्वारा बनाई गई एक्सपर्ट कमेटी देशभर के सभी शिक्षा बोर्ड में एकरूपता लाने के लिए एक मानक संचालित प्रक्रिया तैयार करेगी। इसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश के सभी स्कूल बोर्ड नियमों का पालन करें।

- देशभर के सभी शिक्षा बोर्ड में एकरूपता लाने कवायद, गठित हुई कमेटी
- माशिम व सीबीएसई सहित देश में 66 स्कूल एजूकेशन बोर्ड को प्राप्त है मान्यता







### माशिम बना रहा ब्लू प्रिंट

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने भी नए प्रारूप के अनुसार प्रश्नपत्र निर्माण संबंधित तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। माशिम द्वारा प्रश्नपत्र निर्माण के लिए सेटर्स व मॉडरेटर्स के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यहां उन्हें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में प्रश्नपत्र निर्माण में गुणवत्ता लाने सहित नए प्रारूप के बारे में बताया जा रहा है। माशिम सचिव पुष्पा साहू ने कहा, नए ब्लूप्रिंट का निर्माण किया गया है। स्थानीय परीक्षा एवं सत्रगत परीक्षाओं में ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्नपत्र तैयार किए जाएंगे। इस संबंध में समस्त प्राचार्यों को मंडल की ओर से पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

### सभी राज्यों का पैटर्न अलग

मौजूदा समय में स्कूल एजूकेशन बोर्ड में कई तरह की असमानताएं हैं। इसमें पाठ्यक्रम डिजाइन, पाठ्यक्रम संचालन और पाठ्यक्रम मूल्यांकन जैसी असमानताएं प्रमुख हैं। इस संबंध में 2024 में एक रिपोर्ट भी जारी की गई थी, जो देशभर के 34 स्कूल एजुकेशन बोर्ड की स्टडी के बाद प्रकाशित की गई थी। इसमें विभिन्न राज्यों के शिक्षा बोर्ड में व्याप्त असमानताओं का जिक्र किया गया था। वर्तमान में देशभर के 66 स्कूल एजूकेशन बोर्ड को मान्यता प्राप्त है। ये एजूकेशन बोर्ड 10वीं और 12वीं का एग्जाम कराते हैं। इनमें दो इंटरनेशनल स्कूल एजूकेशन बोर्ड भी शामिल हैं।

## सीएम हाउस घेराव के लिए रैली, सप्रे स्कूल के सामने रोका

# किसानों ने भरी हुंकार, 9 सूत्रीय मांग लेकर सड़क पर उतरे, इंडोर के सामने सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय किसान संघ के आव्हान पर प्रदेशभर से जुटे किसानों ने सोमवार को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम के पास जमकर प्रदर्शन किया। समय पर खाद, 24 घंटे सिंचाई पंप के लिए बिजली, घरेलू बिजली बिल हाफ योजना को फिर से शुरू करने, धान खरीदी में 40 किलो 700 ग्राम से अधिक तोलाई न करने और दलहन-तिलहन पर 20 हजार रुपये का अनुदान सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने जमकर हल्ला बोला। अउ नई सहिबो अपन अधिकार लेके रहिबो के नारे सभा स्थल पर गूंजते रहे। किसानों के प्रदेश स्तरीय आंदोलन का नेतृत्व भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रामभरोस बासोतिया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधोसिंह, महामंत्री नवीन शेष ने किया। किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ के आव्हान पर प्रदेश के 33 जिलों के किसान राजधानी में जुटे। चारपहिया वाहनों की सवारी कर प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से बड़ी संख्या में आंदोलन करने और सीएम हाउस घेराव की मंशा से बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम के पास पहुंचे। प्रदर्शनिकारियों को भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बूढ़ेश्वर चौक के पास हनुमान मंदिर से बूढ़ापारा वाले मार्ग को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया। इससे लोगों को अपने गंतव्य स्थल तक आने -जाने में खासी परेशानी हुई। उन्हें बूढ़ागार्डन से चांदनी चौक होकर घूमकर जाना पड़ा। जगह-जगह गाड़ियों की सड़क पर आड़ी -तिरछी पार्किंग की वजह से भी लोग परेशान रहे।

- बूढ़ेश्वर मंदिर चौक के पास बैरिकेड लगाकर रोका, घूमकर जाना पड़ा गंतव्य स्थल



*आमसभा में बड़ी संख्या में महिलाएं, झंडे, बैनर के साथ सड़क पर मजमा*
*किसानों द्वारा 9 सूत्रीय मांग को लेकर राजधानी में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन और आमसभा के दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी झंडे, बैनर के साथ पुराने धरना स्थल के पास जमा हुए। इस दौरान सड़क घेरकर लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन का सिलसिला चलता रहा। आमसभा के दौरान वक्ताओं ने पिछली सरकार के शेष चौथी किस्त का भुगतान किसानों को दीपावली पूर्व करने की मांग की। एग्रीस्टेक की विसंगतियों को दूर करने और धान के समर्थन मूल्य 3100 रुपये में दो वर्ष के बढ़े हुए समर्थन मूल्य 186 रुपये के साथ जोड़कर दिये जाने की मांग की। किसानों का कहना था कि धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ की जाए।*

### धरना स्थल पहुंचे स्कूल शिक्षा मंत्री दिया आश्वासन

बूढ़ापारा धरना स्थल के किसानों के प्रदर्शन के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी किसानों से चर्चा के लिए पहुंचे और उनकी मांगों पर विचार करने आश्वासन दिया। उन्होंने धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को भरोसा दिलाया कि गन्ना किसानों को लंबित राशि का जल्द भुगतान कर दिया जाएगा। श्री यादव किसानों के सीएम हाउस घेराव से पहले वहां पहुंच गए। उन्होंने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि धान खरीदी में किसानों से तौलाई के दौरान 40 किलो से अधिक धान नहीं लिया जाएगा। धान की कालाबाजारी बंद करने और सहकारी समितियों में भंडारण सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

### सीएम हाउस घेराव के लिए निकाली रैली, पुलिस ने घेराबंदी कर सप्रे शाला के सामने रोका

*बूढ़ापारा में आमसभा के बाद किसानों ने मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। पुलिस ने आंदोलकारियों को सप्रे शाला के सामने बेरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान सप्रे शाला के सामने पुलिस ने घेराबंदी कर किसानों को वहीं रोक दिया। प्रदर्शनकारी सड़क पर ही बैठकर नारेबाजी करने लगे। बाद में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्पॉट पर पहुंचते ही किसानों ने अपनी लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। किसानों के इस प्रदर्शन में भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से जिला अध्यक्ष शामिल हुए।*

# हत्या के दो मामलों में चार लोगों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी, गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग हत्या की घटना में कोर्ट ने चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में घटित हत्या के मामले में कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा तथा नरेंद्र कुमार की कोर्ट में हुई है।

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के कुकरी पारा निवासी सत्यनारायण बेरवंश की हत्या के आरोप में पंकज सिन्हा की कोर्ट ने उगेश उर्फ योगेश, उर्फ गुड्डु, संजय, घासीराम डहरिया को कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार तीनों सगे भाइयों ने आपसी रंजिश पर 28 दिसंबर 2024 को सत्यनारायण की लाठी तथा लात घूंसा मारकर हत्या कर दी। सत्यनारायण की हत्या करने के बाद बदमाशों ने उसकी लाश उसके घर के पास फेंक दी और चले गए।

### लेन-देन के विवाद पर हत्या

*रोशन साहू की हत्या के आरोप में कोर्ट ने अनिकेत उर्फ सोनू यादव को कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक रश्मिरानी के अनुसार मृतक अंडा ठेला लगाकर आजिविका चलाता था। अनिकेत के साथ उसका लेन-देन का विवाद था। इसी विवाद के कारण मृतक का अनिकेत के साथ नौ दिसंबर 2023 को विवाद हुआ। इस दौरान अनिकेत ने जेब से चाकू निकालकर रोशन के गला तथा छाती में वार कर हत्या कर दी।*

## सोना-चांदी को वायदा बाजार से अलग करने की पीएम से मांग

**रायपुर।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि सोने व चांदी को वायदा बाजार से अलग किया जाए। उनका कहना है, सोने व चांदी के वायदा बाजार के कारण सराफा बाजार अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। जिसकी परेशानी ग्राहक को हो रही है। बेहतर होगा वायदा बाजार से सोने व चांदी को अलग किया जाए ताकि कीमतों में स्थिरता बनी रहे व अनियमित उतार चढ़ाव पर भी रोक लग सके। चूंकि सोने व चांदी में लोग निवेश या खरीदी इसलिए करते हैं कि यह महज ज्वेलरी ही नहीं बल्कि किसी विपदा के समय में उनके लिए अनिवार्य साधन सुविधा के रुप के मददगार साबित होती है।


## बिजनेस साइट

### सुरभि इलेक्ट्रॉनिक्स ने ऑडियो-विजुअल अनुभव को पहुंचाया नई ऊंचाइयों तक



**रायपुर।** आमापारा स्थित गुरु घासीदास प्लाजा में संचालित सुरभि इलेक्ट्रॉनिक्स वर्ष 1996 से मध्य भारत में प्रीमियम ऑडियो-विजुअल तकनीक का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। 'ऑडियो विजुअल आर्किटेक्ट' की टैगलाइन के साथ यह शोरूम बेनक्यू, वीम और ड्यून एचडी जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स की शानदार रेंज प्रस्तुत करता है। संचालक प्रवीण चौधरी बताते हैं कि यह सिर्फ एक शोरूम नहीं, बल्कि मॉल, मंदिरों, ऑडिटोरियम और रेस्टोरेंट्स के लिए संपूर्ण एवी समाधान प्रदाता है। हाई-फाई स्पीकर्स, डॉल्बी सिस्टम, 4के लेजर प्रोजेक्टर और विनाइल टर्नटेबल्स से सुसज्जित सुरभि, तकनीक और अनुभव का अद्भुत मेल है। वर्षों के अनुभव के साथ सुरभि इलेक्ट्रॉनिक्स उच्च गुणवत्ता, डिजाइन और आफ्टर-सेल्स सेवा के लिए जाना जाता है। चौधरी ने ग्राहकों से आग्रह किया कि वे शोरूम आकर तकनीक और भावनाओं के इस संगम का अनुभव करें।

### शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स ने जीता ग्राहकों का दिल, शुद्धता बनी पहचान



**रायपुर।** त्योहारों के दौर में जहां हर ज्वेलर्स ग्राहकों को लुभाने के लिए भारी ऑफर और छूट का सहारा ले रहे हैं, वहीं कोतवाली चौक व हलवाई लेन स्थित शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स ने सिर्फ शुद्धता और ईमानदारी को अपनी पहचान बनाया है। शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स के शिवराज जी एवं धरमचंद भंसाली का मानना है कि गहनों की असली कीमत उनकी चमक में नहीं, बल्कि उनकी शुद्धता और ईमानदारी में होती है। सालों से हमारा प्रतिष्ठान सोने, चांदी, डायमंड, जड़ाऊ, कुंदन जड़ित आभूषणों में अपनी गुणवत्ता, निष्ठा और ग्राहक संतुष्टि के लिए प्रसिद्ध है। हर डिजाइन में निखरती है परंपरा की झलक और आधुनिकता का सौंदर्य - जो हर पीढ़ी के लिए इसे खास बनाती है। साथ ही उनके दोनों शोरूम में शुद्धता की गारंटी वाले हॉलमार्क और सर्टिफाइड गहने, हर खरीद पर विश्वास का प्रमाणपत्र जैसे ऑफर मिलते है। शोरूम के अनिल भंसाली ने अपील की है ऑफर नहीं, शुद्धता को प्राथमिकता दें।

### रायपुर में आरएसएसडीआई का वार्षिक सम्मेलन हुआ, देशभर से जुटे डायबिटीज विशेषज्ञ



**रायपुर।** रिसर्च सोसाइटी फॉर दी स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा रायपुर के एक निजी होटल में दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। आरएसएसडीआई के वर्तमान अध्यक्ष और मधुमीत डायबिटीज हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राका शिवहरे की अध्यक्षता व डॉ. दीपक जायसवाल के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में देशभर के नामी चिकित्सकों ने शिरकत की। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदना से हुआ। इसमें डॉ. जीबी गुप्ता, रोटेरियन अमित जायसवाल, डॉ. सुनील गुप्ता व डॉ. राकेश पारीख समेत अनेक विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यक्रम में मधुमेह से संबंधित जटिल विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए और पैनल चर्चा भी हुई। सम्मेलन का का आकर्षण 'मधुमेह की रामलीला' नामक नाटक रहा, जिसका निर्देशन डॉ. अजय सहाय व संकल्पना डॉ. राका शिवहरे की थी। इस प्रस्तुति ने मधुमेह के प्रति जनचेतना जगाने का कार्य किया।

### राष्ट्रीय शिल्प सरोवर मेला में दिवाली की खरीदारी जोरों पर




**रायपुर।** शेपर्स मैनेजमेंट सोसायटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिल्प सरोवर मेला में दिवाली की खरीददारी जोरों पर है। 12 अक्टूबर को मेले का उद्‌घाटन उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। उन्होंने मेले की सराहना करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। मेला 19 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें महिला स्व-सहायता समूहों, हैंडलूम-हैंडिक्राफ्ट आर्टिजन्स की भागीदारी रही। आयोजकों ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्थानीय महिला उद्यमियों को मंच देना है, जिन्हें आमतौर पर हाई-प्रोफाइल आयोजनों में स्थान नहीं मिल पाता।

मेले में रायपुर समेत अन्य शहरों के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। दिवाली के पहले ग्राहकों के लिए यह मेला एक बेहतरीन खरीददारी का अवसर बना हुआ है, जहां परंपरागत और स्वदेशी उत्पादों की भरमार है।

### अपनामार्ट की दिवाली सेल ने मचाई धूम ग्राहकों में दिखा जबरदस्त उत्साह




**रायपुर।** अपनामार्ट ने रविवार को दिवाली सेल की शुरुआत के साथ ही ग्राहकों को आकर्षित कर लिया है। 12 से 21 अक्टूबर तक चलने वाली इस सेल में पहले ही दिन स्टोर्स पर भीड़ उमड़ पड़ी, वहीं ऑनलाइन ऑर्डर में भी जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई। सेल में कई आकर्षक ऑफर्स पेश किए गए हैं - 2000 रु की खरीदारी पर 200 रु की छूट, 1000 पर 50 रु की छूट और 1500 की खरीदारी पर 100 रु का डिस्काउंट। साथ ही केवल 19 रु में झाड़ू और 4000 रु की खरीदारी पर चांदी का सिक्का या सॉसपैन 1 रु में मिलने का ऑफर भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है। अपनामार्ट के प्रवक्ता मनीष अग्रवाल ने कहा कि यह सेल हमारे ग्राहकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम है। त्योहारी मौसम में यह पहल ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के साथ ब्रांड और उपभोक्ताओं के रिश्ते को और भी मजबूत कर रही है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया त्योहारी ऑफर्स से भरपूर अभियान – 'बॉब के संग त्योहार की उमंग'

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**रायपुर।** त्योहारी सीजन की रौनक बढ़ाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने वार्षिक अभियान 'बॉब के संग त्योहार की उमंग - शुभ भी, लाभ भी' की शुरुआत की है। यह अभियान ग्राहकों को किफायती ब्याज दरों और विशेष छूटों के साथ विभिन्न ऋण और बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। गृह ऋण अब 7.45% ब्याज दर और शून्य प्रोसेसिंग शुल्क पर उपलब्ध है, जबकि कार ऋण में भी ब्याज में छूट और 90% तक फाइनेंस की सुविधा दी जा रही है। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदारों को आठ साल तक की चुकौती अवधि और प्रोसेसिंग शुल्क में 50% की छूट मिलेगी। नई बॉब मास्टरस्ट्रोक लाइट बचत योजना, आकर्षक डेबिट कार्ड ऑफर्स और ब्रांड साझेदारियों के साथ विशेष छूट भी शामिल हैं। एमएसएमई के लिए बॉब डिजी उद्यम जैसे समाधान कोलेटरल-मुक्त लोन और डिजिटल प्रोसेसिंग के साथ पेश किए गए हैं। बैंक का उद्देश्य इस अभियान के जरिए ग्राहकों के सपनों को साकार करना है।


# विधायक मूणत ने 36 मेधावी विद्यार्थियों को दिए 5-5 हजार के चेक, विद्यालय को स्मार्ट बनाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने सोमवार को 36 प्रतिभावान विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पांच-पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए। यह कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डगनिया और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर विद्यालय में आयोजित हुआ। रायपुर पश्चिम क्षेत्र स्थित डगनिया विद्यालय में विधायक राजेश मूणत ने 12 छात्रों को चेक प्रदान किए। इसके बाद पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 24 छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान का उनकी हौसला अफजाई की। इस अवसर पर श्री मूणत ने कहा कि,बच्चों को छोटी उम्र में अगर प्रोत्साहन मिले, तो वे आगे चलकर समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। यह सम्मान उनके आत्मविश्वास को और मज़बूत करेगा। राजेश मूणत ने विश्वविद्यालय परिसर के विद्यालय के विकास के लिए दो बड़ी घोषणाएं भी की। जिसके तहत विद्यालय को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने सोलर पैनल की स्थापना करने की घोषणा की। इसके साथ ही स्मार्ट क्लासरूम कंसेप्ट को ध्यान में रखते हुए हायर सेकेंडरी की सभी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड लगाने के लिए तत्काल इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की मांग है, और सरकार की कोशिश है कि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी निजी स्कूलों जैसी सुविधाओं से लाभान्वित हों। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, पालक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- रविवि परिसर के विद्यालय को सोलर पैनल की सौगात



# जापान के टोयोटा सिटी में आज से अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम, मीनल पहुंचीं

- राष्ट्रीय सरकारों, स्थानीय निकाय के प्रमुखों और संघों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संयुक्त राष्ट्र सतत विकास कार्यालय द्वारा 2025 अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक टोयोटा सिटी जापान में किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे जापान के टोयोटा सिटी पहुंचीं। यह आयोजन संयक्त राष्ट्र क्षेत्रीय विकास केंद्र और टोयोटा सिटी, जापान के सहयोग से किया जा रहा है। इस फोरम में राष्ट्रीय सरकारों, स्थानीय निकाय प्रमुखों, संघों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। आमंत्रित प्रतिनिधि ऐसी सफलता के उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, जिनसे 2030 एजेंडा और सतत विकास लक्ष्यों को शेष पांच वर्षों में स्थानीय स्तर पर लागू करने की गतिविधि बढ़ाई जा सके।

महापौर मीनल चौबे को जापान के टोयोटा सिटी से बुलावा आया है, वहां 14 से 16 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शामिल होने मीनल चौबे टोयोटा सिटी पहुंचीं।

## जयबहादुर आठवीं बार बने प्रदेशाध्यक्ष

**रायपुर।** दोंदेकला मुख्यालय में रविवार को सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति रायपुर छत्तीसगढ़ की बैठक हुई। बैठक में समिति के सभी पदों पर एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे लगातार आठवीं बार सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष चुने गए।

# ग्रामीण जिलाध्यक्ष तय करने आरंग और अभनपुर क्षेत्र के ब्लॉकों में दिखा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर ग्रामीण जिला के अंतर्गत आने वाले आरंग एवं अभनपुर विधानसभा क्षेत्रों में ब्लॉक स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन को मजबूत करने के लिए अपने विचार व सुझाव रखे। आरंग विधानसभा के अंतर्गत तीन ब्लॉकों की बैठक में बड़ी संख्या में ब्लॉक, वार्ड और बूथ स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने केंद्रीय पर्यवेक्षक के समक्ष अपनी राय रखी और संगठन सृजन अभियान को कांग्रेस पार्टी के लोकतांत्रिक स्वरूप का जीवंत उदाहरण बताया। अभनपुर विधानसभा के तीन ब्लॉकों की बैठक में जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों, ब्लॉक, वार्ड एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

सभी उपस्थित जनों ने संगठन की मजबूती के लिए अपने-अपने विचार रखे और एकजुट होकर पार्टी के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कार्यकर्ता की राय को सर्वोपरि रखने वाला अभियान है। कांग्रेस की आत्मा उसका कार्यकर्ता है और वही संगठन की दिशा तय करेगा।

- नागभूषण, उधो, प्रवीण और पप्पू हैं दावेदार, पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे के सामने कार्यकर्ताओं ने रखी अपनी राय, हर कार्यकर्ता बना संगठन सृजन का सहभागी

### नागभूषण, प्रवीण के नामों की चर्चा

*पर्यवेक्षक ग्रामीण जिलाध्यक्ष के पैनल के लिए अब धरसींवा, आरंग और अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक पदाधिकारियों आरैर कार्यकर्ताओं का मत जाना। ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। 14 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्र के ब्लॉक की बैठक के बाद पसंद के नामों के पैनल बनाएंगे। बिरगांव ब्लॉक के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से चर्चा की गई। ग्रामीण अध्यक्ष के दावेदार नागभूषण राव यादव बिरगांव ब्लॉक में अपने समर्थकों के साथ दिखाई दिए। वे ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सतत संपर्क में हैं। अन्य दावेदारों में उधोराम वर्मा, प्रवीण साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पप्पू बंजारे, खिलेश्वर देवांगन, भावेश बघेल और विपिन मिश्रा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों से मिल रहे हैं।*

## खबर संक्षेप



### मंत्री टंकराम ने कार्यकर्ता और जनता से की चर्चा

**तिल्दा नेवरा।** मंत्री टंक राम वर्मा पहुंचे विधायक कार्यालय तिल्दा काफी देर रुक कर कार्यकर्ताओं व आम जनता से हुए रूबरू।

मंत्री टंक राम वर्मा सोमवार शाम विधायक कार्यालय तिल्दा पहुंचे और यहां पर भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से रूबरू हुए उनसे चर्चा की साथ ही कई लोग भी अपनी कई शिकायत लेकर पहुंचे जिनका निराकरण भी मंत्री के द्वारा किया गया। साथ ही आज भाजपा कार्यकर्ता राजेश निर्मलकर का जन्मदिन है जहां केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया और उन्हें बधाई दी गई। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, डॉ खुमान वर्मा, राम पंजवानी विकास सुखवानी, भाजपा शहर व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कई भाजपा पार्षदों सहित भारी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए। इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा यहां पर काफी देर रुके रहे, साथ ही अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट में हड़ताल पर बैठे मजदूरो के प्रतिनिधि मंडल एवं अल्ट्राटेक प्लांट के एक प्रतिनिधि मंडल भी उनसे चर्चा की। मंत्री टंक राम वर्मा ने दोनों पक्षों की बातें सुनी।

### भाजपा संगठन में हुई साहू समाज की उपेक्षा

**चंदखुरी।** रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा द्वारा हाल ही में घोषित



संगठन बॉडी में आरंग विधानसभा से साहू समाज के किसी भी व्यक्ति को शामिल न किए जाने पर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष व पूर्व जनपद सभापति गोविंद साहू ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे समाज की लगातार उपेक्षा करार देते हुए पार्टी नेतृत्व से जवाब मांगा है। गोविंद साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ के गठन से ही साहू समाज भाजपा का मजबूत समर्थक रहा है। उन्होंने कहा, /"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णय और वैश्विक मंच पर भारत का बढ़ता मान साहू समाज को भाजपा के साथ जोड़े रखने का प्रमुख कारण रहा है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /ब-121/2025-26

रायपुर, दिनांक 09/10/2025

ग्राम....... प.ह.न.......

तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक रंजीता दीप पति मोनूराज द्वारा इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पिता/पति/पुत्र लवीस दीप की जन्म दिनांक 07/11/2022 को घर में हो चुकी है। उनके जन्म उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 24/10/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिध के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

## खेल महोत्सव

### ग्रामीण प्रतिभाओं का महासंगम सिलयारी-धरसींवा में

# सांसद खेल महोत्सव का भव्य उद्घाटन 15-15 गांवों के खिलाड़ियों का संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रायपुर जिले के ब्लाक मुख्यालय धरसींवा अंतर्गत युवा शक्ति को मंच देने और 'फिट इंडिया' अभियान को गति देने के लिए आज 'सांसद खेल महोत्सव

- ग्रामीण खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिलेगा विशेष प्रोत्साहन
- खेलों से बढ़ेगी ग्रामीण प्रतिभा, बेटियों को मिला फिट इंडिया के संकल्प से जुड़ा अंचल

2025' का शानदार और भव्य शुभारंभ हुआ। ग्राम पंचायत सिलयारी (कुरूद) के स्कूल मैदान और धरसींवा स्थित स्टेडियम मैदान में आयोजित इस महाकुंभ में दोनों जगहों पर 15-15 गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी ऊर्जा और खेल प्रेम का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कुरूद (सिलयारी) प्रतियोगिता क्षेत्र में ग्राम पंचायत कुथरैल, कुकेरा, टांड़ा, मोहदी, नगरगांव, तरेसर, पथरी, मंगसा,पवनी, निलजा, सारागांव, जरौदा, तर्रा टोर, मौहागांव, मलौद गांवो की खिलाड़ियों से मैदान भरी रही।

कुरूद-सिलयारी में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य व सभापति श्रीमती







सरोज चंद्रवंशी और सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके तुरंत बाद कबड्डी प्रतियोगिता के मैदान में टॉस कर खेलों की श्रृंखला का औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिससे समूचा मैदान उत्साही जयघोषों से गूंज उठा।

**अतिथियों ने बढ़ाया मनोबल :** उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल ने इसे 'ग्रामीण युवा शक्ति के उत्सव' का आगाज़ बताया। उन्होंने कहा, यह केवल खेलों का नहीं, बल्कि हमारी ग्रामीण युवा शक्ति के उत्सव का आगाज़ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि भारत खेल महाशक्ति बने, और इस सपने की नींव हमारे इन्हीं गांवों के मैदानों से रखी जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों से खूब पसीना बहाने और अपने जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज चंद्रवंशी ने खेल के माध्यम से बेटियों को विशेष प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा, /"खेल मैदान जेंडर की दीवारों को तोड़ता है। आज हमारी बेटियाँ हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। मैं सभी खिलाड़ियों से कहना चाहूँगीः हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन संघर्ष सबसे महत्वपूर्ण है। पूरी लगन से खेलें और खेल भावना का परिचय दें। ग्राम पंचायत कुरूद-सिलयारी की सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू की इस आयोजन में महती भूमिका नजर आई व इस आयोजन को ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक 'उचित अवसर' बताया। उन्होंने कहा, /"हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें एक अवसर की जरूरत होती है। यह महोत्सव हमें एक-दूसरे से जोड़ता है और हमारे गाँव को एक नई पहचान देता है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य व सभापति श्रीमती सरोज चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर,कुरूद सिलयारी सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू,उप सरपंच गजेंद्र साहू, अशोक साहू, विकास शर्मा, पूर्व सरपंच श्रीमती रूखमणी शिवारे, पूर्व सरपंच विद्या भूषण वर्मा,पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा,पूर्व सरपंच रेमन पाल, रूप राम केवट,उस्मान सैफी, चंद्रकांत साहू सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 41 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**आरंग।** लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के तहत ज़ोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कोसरंगी हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में किया गया। इस भव्य आयोजन में आसपास के 41 गांवों के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उद्घाटन अवसर पर डीईओ रायपुर हिमांशु भारतीय ने टास कराते हुवे सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुवे खेलो को जीवन का अभिन्न अंग बताया वही बीईओ आरंग दिनेश शर्मा ने कहा कि खेलों से मानसिक शारीरिक विकास के साथ अनुशासन एवं टीम भावना तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक और लोकप्रिय खेलों का आयोजन किया गया, इनमें खो-खो, कुश्ती, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, भारोत्तोलन (भारततोलन), शतरंज, कबड्डी, फुगड़ी, रस्साकस्सी और रस्सी कूद जैसे खेल शामिल थे। प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों में भी गज़ब का उत्साह देखने को मिला, खिलाड़यों का हौसला बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान संकुल समन्वयक गण सुदर्शन दास, सुरेंद्र चंद्रसेन, हरेंद्र साहू, अजय हरवंश, शाला विकास समिति के सदस्य गण,प्रधान पाठक गण और ग्राम वासियों ने खिलाड़यों का ज़ोरदार समर्थन किया और पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सामने लाने और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करने में सहायक होते हैं। इस ज़ोन स्तरीय आयोजन की सफलता ने खेल महोत्सव के आगामी चरणों के लिए उत्साह का माहौल बना दिया है।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहीदी शताब्दी पर निकाली शहादत

**अभनपुर।** सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर निकली शहादत यात्रा के अभनपुर नगर आगमन पर पूरा नगर हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर अमर रहें के नारों से गुंज उठा। अभनपुर सिख समाज ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के नगर प्रवेश पर पंज प्यारे का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया और नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। पटेल होंडा के संचालक ईश्वर पटेल ने विशेष रूप से भागवत गीता भेंट कर सिख समाज का सम्मान किया यह यात्रा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के तत्वावधान में प्रदेशभर में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान और उनके सार्वभौमिक संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। इस अवसर



पर सिख समाज के वरिष्ठ त्रिलोक सिंह सचदेवा, नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, अभनपुर सिख समाज प्रधान अनमोल गांधी, जगजीत गांधी, यश गांधी, शैबी दुआ, नरेंद्र सिंह दुआ, गुरमीत सचदेवा, सोनू सचदेवा, रौनक सिंह छाबड़ा, हिम्मत सिंह, अनमोल सचदेवा, गुलशन गुलाटी, कुलदीप सिंह, रोमी गांधी, ज्ञानी सतनाम सिंह, राजा भाटिया, मनोज चंदानी, गुरमीत भाटिया, श्रीमती जसवीर कौर, राजिंदर कौर, सतनाम कौर, निर्मल कौर छाबड़ा, कुलदीप कौर भाटिया, बबली गांधी, बलजीत गांधी, पार्षद गंगा कौर, हरजीत कौर सचदेव, रश्मि गांधी, बॉबी गुलाटी, अनिशा गांधी, सिमरन गांधी, पिंकी दुआ, हरजीत कौर गांधी, कंचन चंदानी, रानी गुलाटी,सुरिंदर कौर सचदेवा,अमरजीत कौर गांधी,बबली गुरूदत्ता,मीना गुरूदत्ता सहित बड़ी संख्या मे सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

## परसकोल मार्ग के लिए 5.32 करोड़ मंजूर, हुआ भूमिपूजन



**चंदखुरी।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रानी सागर से परसकोल तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन आज संपन्न हुआ। 5 करोड़ 32 लाख 78 हजार रुपये की लागत से तैयार होने वाली इस सड़क का निर्माण क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने इस सड़क की कमी को लेकर लंबे समय से परेशानियों का सामना किया था। इस मांग के पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रति आभार व्यक्त किया है। भूमि पूजन के अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। जनपद सभापति लुकेश साहू ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी ऐसी मूलभूत मांगों को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और उनका त्वरित समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा, यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और ग्रामीणों की आवागमन की समस्या को काफी हद तक हल करेगी ग्रामीणों ने इस पहल के लिए शासन और प्रशासन का धन्यवाद देते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

## पथ संचलन के स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंदखुरी मंडल द्वारा रविवार को विशाल पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पं. सन्तोष शर्मा उपस्थित रहे। वहीं, जिला मिलन मंडली संयोजक एवं मुख्य वक्ता श्रवण साहू ने संगठन के उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया।सुबह निर्धारित समय पर संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में निर्धारित स्थल पर एकत्र हुए। राष्ट्रगीत और प्रार्थना के पश्चात अनुशासनबद्ध पंक्तियों में पथ संचलन प्रारंभ हुआ। स्वयंसेवकों के जयघोष से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभावना से गूंज उठा। पथ



संचलन के दौरान महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिससे कार्यक्रम में सहभागिता और उत्साह देखने को मिला। मुख्य वक्ता श्रवण कुमार साहू ने कहा कि "संघ का उद्देश्य समाज में संगठन, अनुशासन और सेवा की भावना को सशक्त बनाना है। स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रहे हैं।" उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लें। पंच परिवर्तन और शताब्दी वर्ष के सात कार्यों को विस्तार से जानकारी दिए जिसमें मुख्य रूप से नवम्बर महीने में सुरू होने वाले गृह संपर्क अभियान को अपने मंडल के गाँव में अच्छे से पूर्ण हो इसकी जानकारी दी। मुख्य अतिथि पंडित सन्तोष शर्मा ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता देश की रीढ़ हैं, जो समाज में एकता, संस्कार और सेवा का संदेश देते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ पंकज वर्मा एवं मुख्य शिक्षक श्याम सुन्दर यादव द्वारा किया गया।

### समोदा मंडल संघ के 76 स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया और दिया देशसेवा का संदेश

**चंदखुरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल समोदा में रविवार को शस्त्र पूजन और भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर समोदा मंडल के विभिन्न ग्रामों से आए 76 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह क्षण केवल संघ के लिए ही नहीं, अपितु पूरे नगर और समाज के लिए भी गर्व का विषय बना। स्वयंसेवकों के घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा। मुख्य अतिथि के रूप में श्री ईश्वर निषाद जी (भूतपूर्व सैनिक) ने कहा कि "संघ का शताब्दी वर्ष राष्ट्र निर्माण में संघ के स्वयंसेवकों को एक सैनिक की भांति सतत कार्य, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है।" उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना निरंतर सशक्त हो रही है। संचलन और शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चिनीलाल चंद्रा जी (सह कार्यवाह आरंग खंड ) ने अपने उद्बोधन में 'संघ पंच परिवर्तन' और संघ के समृद्ध इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में सात विशेष कार्यों को लेकर समाज में व्यापक जनजागरण का अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि संघ भारत में सांस्कृतिक जागरण और सामाजिक सद्भाव के लिए निरंतर कार्यरत है। संघ के विभिन्न प्रेरणादायी संगठन- विद्या भारती, सेवा भारती, ग्राम भारती, क्रीड़ा भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी और राष्ट्रीय सेविका समिति जैसे संगठनों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

## अपार आईडी बनाने का काम 3 दिन में पूरा करें : कलेक्टर

**आरंग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर कांफ्रेंस शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अपार आई डी बनाने पर जोर दिया इसी के अंतर्गत ज़िला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के कड़े निर्देश के बाद अब विद्यार्थियों का 'ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री' अपार आई डी बनाने का काम सर्वोच्च प्राथमिकता पर आ गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य को मात्र तीन दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही या कोताही बरतने पर सख्त कार्रवाई की



चेतावनी दी गई है। अपार आई डी के सफल क्रियान्वयन के लिए आरंग विकासखंड को 5 जोन में बांटा गया है। कलेक्टर, रायपुर ने स्पष्ट किया है कि अपार आई डी बनाने के लिए विद्यार्थी का नाम, पिता या माता का नाम और जन्मतिथि आधार कार्ड से पूरी तरह मेल खाना अनिवार्य है। डेटा में भिन्नता होने पर आई डी नहीं बन पाएगी, इसलिए सटीकता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारतीय एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड आरंग ने इस संबंध में अरुंधती स्कूल आरंग में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि इस कार्य को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' दें। उन्होंने कहा कि काम के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने पर तुरंत संकुल के टेक्निकल एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन लिया जाए।

## विधायक ने किसानों का शाल और श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्रामीण सेवा सहकारी संस्था अभनपुर मे किसान संगोष्ठी कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक

- ग्रामीण सेवा सहकारी संस्था के आयोजन बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं

इन्द्रकुमार साहू,जनपद अध्यक्ष चंन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,सहकार भारती संघ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी,प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा आदि अतिथियो की उपस्थिती



मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर किसानो को श्रीफल शॉल देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि यह किसान संगोष्ठी के माध्यम से सभी कृषको को सोसायटी द्वारा संचालित सभी गतिविधियो की जानकारी प्राप्त होती है एवं खरीदी ब्रिकी की पूरी जानकारी सहित सोसायटी को खाद,दवाई व राशन वितरण से कितना प्राफिट होती है यह किसानो को खुलेतौर पर जानकारी दी जाती है यह संगोष्ठी कार्यक्रम मे महिलाओ की बड़ी संख्या मे उपस्थिती अच्छा संकेत है,महिलाये खेती बाड़ी के साथ ही आगे बढक़र संगोष्ठी मे शामिल हो रही है छत्तीसगढ़ की साय सरकार किसानो की आर्थिक स्थिती सुधारने के लिए भूमिहीन किसानो को 10 हजार रूपये तथा मोदी सरकार किसान सम्मान निधि 6 हजार रूपये साथ ही सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान 3100 रूपये की दर से खरीद रही है इससे किसान भाईयो मे आर्थिक संपन्नता आई है किसानो को मूल लागत से 35-40 हजार रूपये प्रति एकड़ इनकम हो रही है,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि जबतक गांव का रहने वाला किसान संपन्न नही होगा तब तक विकसित भारत का सपना सच नही हो सकता है। मोदी सरकार ने किसान हित मे सैकड़ो से अधिक योजनाएं शुरू हुई है लेकिन जानकारी के अभाव मे किसानो को उचित लाभ नही मिल पा रहा है,पिछले बचत मे अभनपुर के किसानो के लिए जल संसाधान विभाग से सिंचाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने 135 करोड़ की स्वीकृति करवाई गई है।

**// आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 517, को श्री श्याम साहू पिता श्री करण साहू एवं श्री टिकेश्वर कुमार साहू पिता श्री सुखू राम साहू के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 25.08.2023 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री श्याम कुमार साहू पिता श्री करण साहू निवासीः- कसेर पारा, आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री टिकेश्वर कुमार साहू पिता श्री सुखू राम साहू निवासीः- भाठापारा, ग्राम - भोरिंग, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 517, के हकत्याग में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर, में ई.डब्ल्यू.एस.टाईप - 1/17, श्रीमती श्यामा देवी कुर्रे पति श्री बी.डी.कुर्रे एवं श्री बी.डी. कुर्रे पिता स्व. श्री जीवलाल कुर्रे पताः- मारूती वर्क्स शॉप के पीछे, (गली संकरी) रविग्राम तेलीबांध रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा किया गया है रजिस्ट्री एवं अधिपत्य की कार्यवाही शेष है। सह आबंटी श्री बी.डी. कुर्रे पिता स्व. श्री जीवलाल कुर्रे की मृत्यु दिनांक 24.07.2018 को हो गया है। श्रीमती श्यामा देवी कुर्रे पति श्री बी.डी. कुर्रे, द्वारा अपने पति के मृत्यु होने के उपरांत उक्त स्वतंत्र भवन को अपने एकल नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में ई.डब्ल्यु.एस. टाईप - 1/17, के एकल नाम करने संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक - 281, को श्री योगेश कुमार साहू पिता श्री करण लाल साहू एवं श्री सेवक राम साहू पिता श्री बिसौहा राम साहू के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 29.07.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री योगेश कुमार साहू पिता श्री करण लाल साहू निवासीः- कसेर पारा, आरंग, तहसील - आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सेवक राम साहू पिता श्री बिसौहा राम साहू निवासीः- बरगुड़ी पारा, आरंग, तहसील - आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) के नाम पर हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 281, के हकत्याग में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, जिला - रायपुर**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / वा./ ना.तह./ 2025-26

समोदा, दिनांक 09.10.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर लाल कनौजे पिता स्व. श्री मेहतरू लाज कनौजे निवासी लक्ष्मीनारायणदास वार्ड क्र. 42 पुरानी बस्ती कायस्थ पारा म0नं0 1231 रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र पेश कर मौजा ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग, जिला- रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 73/1 रकबा 0.95 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का नक्शा में त्रुटी होने से नक्शा सुधार हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 31.10.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार समोदा**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ओपी चौधरी ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं का किया निराकरण

**रायपुर**। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को कार्यकर्ताओं और आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए लोगों के आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सहयोग केंद्र में कार्यकर्ताओं की ओर से 100 से ज्यादा आवेदन आए। इसमें से जिनका निदान तत्काल संभव थी, उनका निदान किया गया। बाकी समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### अभिनव कार्यक्रम का आज होगा शुभारंभ

**रायपुर**। महिला एवं बाल विकास विभाग के छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के संस्थागत एवं गैर संस्थागत देखरेख के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह में होगा।

# नए विधानसभा में दीपावली बाद शिफ्टिंग

## उप मुख्यमंत्री ने अंतिम दौर के कार्यों का किया निरीक्षण, लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सोमवार को नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के अंतिम दौर के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान इसके लोकार्पण की तैयारियों का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवम्बर को राज्योत्सव के मौके पर विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण करेंगे।

आधुनिक व सर्वसुविधायुक्त इस भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई देगी। विधानसभा के सदन की सीलिंग में धान की बालियां उकेरी गई हैं। सदन के भीतर के ज्यादातर फर्नीचर बस्तर के शिल्पियों द्वारा बनाए गए हैं। भवन के सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। फिनिशिंग कार्य भी अंतिम चरण पर है। दीपावली के बाद शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा के नवनिर्मित संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर अंतिम चरण के कार्यों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यहां स्थापित एयर कंडीशनिंग चीलर प्लांट का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा, नवीन विधानसभा भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे तीन सेक्टरों में विभाजित कर बनाया गया है। उन्होंने कहा, आगामी 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण होगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नित नवीन आयाम तय कर रहा है। विधानसभा का यह नवनिर्मित भवन छत्तीसगढ़ के इतिहास में बहुमूल्य उपलब्धि होगी।



### राज्योत्सव की तैयारियों का भी किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री ने नए विधानसभा परिसर का अवलोकन करने के बाद नवा रायपुर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर पहुंचकर राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 50 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखकर निर्माण

उप मुख्यमंत्री ने कहा, 25 साल पहले वर्ष 2000 में रायपुर के राजकुमार कॉलेज में टेंट से शुरू हुए छत्तीसगढ़ के विधानसभा को खुद का भव्य भवन मिलने जा रहा है। नवीन विधानसभा भवन सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे अगले 50 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। भविष्य में पेपरलेस विधानसभा संचालित हो सके, इसका भी ध्यान रखा गया है। उन्होंने विधानसभा परिसर के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# साय बोले- राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता

## कलेक्टर-डीएफओ कॉन्फ्रेंस
## औषधीय पौधों की खेती के विस्तार की नई पहल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में कलेक्टर–डीएफओ संयुक्त कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के वन प्रबंधन, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, लघु वनोपजों के मूल्य संवर्द्धन (वैल्यू एडिशन), ईको-टूरिज्म, औषधीय पौधों की खेती और वनों से जुड़ी आजीविका के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा, तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों की संख्या आज 12 लाख से अधिक हो चुकी है, जो हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। अब आवश्यकता इस बात की है कि हम वन उपज का अधिकतम वैल्यू एडिशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को अधिक आय के साधन मिल सकें और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब 46 प्रतिशत वन आवरण हो चुका है, जो लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा, इस उपलब्धि में कैम्पा योजना और "एक पेड़ मां के नाम" जैसी अभिनव पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान सात से पंद्रह दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान की जानकारी एसएमएस के माध्यम से सीधे संग्राहकों के मोबाइल पर भेजी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।



### तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा

कॉन्फ्रेंस में औषधीय पौधों की खेती के विस्तार हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाने और इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लेने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिलों में पिछले सीजन में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी सीजन के लिए पूर्व-कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि संग्राहकों को समय पर लाभ मिल सके और किसी प्रकार की देर न हो।

### लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप को मिलेगा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा, लघु वनोपजों को वनांचल क्षेत्रों में आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। बैठक में लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और वन धन केंद्रों को सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके।

### बस्तर और सरगुजा संभागों में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा : कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, यदि सभी कलेक्टर और वन अधिकारी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें, तो इसके अत्यंत अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा, बस्तर और सरगुजा संभागों में विशेष रूप से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे आजीविका से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब 75 प्रकार की लघु वनोपजों की खरीदी करने जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर है।

### सीएस आज लेंगे, एससीएस, सचिव प्रमुख सचिव और सचिवों की बैठक होंगे दो विभागों के प्रेजेंटेशन

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील मंगलवार को प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव (एससीएस) प्रमुख सचिव और सचिवों की बैठक लेंगे। इस बैठक के दौरान दो विभागों का प्रेजेंटेशन भी होगा। सीएस के रूप में नियुक्ति के बाद विकासशील संभवतः पहली बार सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यह महत्वपूर्ण बैठक लेने जा रहे हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया है कि यह बैठक 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे रखी गई है। इसके अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के द्वारा पीएम गति शक्ति और जेम के माध्यम से खरीदी के विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। सचिव, जनसम्पर्क के द्वारा मीडिया से इंगेजमेंट के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही को प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। यह भी कहा गया है कि बैठक में ऐसे अन्य विभाग भी जिन्हें किसी विषय पर अन्य विभागों से कार्यवाही अथवा सहयोग की अपेक्षा है, विषय प्रस्तुत कर सकते हैं। खास बात ये है कि सीएस की यह बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर एसपी कांफ्रेंस के बाद की जा रही है।

# जिले के प्रभारी सचिव तय, ऋचा रायपुर, पिंगुआ बिलासपुर, निहारिका को महासमुंद का जिम्मा

## हर माह करेंगे जिले का दौरा, सीएस को देंगे रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

राज्य शासन ने प्रदेश के जिलों के नए प्रभारी सचिव नियुक्त किए हैं। इससे पहले जुलाई में प्रभारी सचिव नियुक्त किए थे, उस पुराने आदेश को निरस्त कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्रभारी सचिव प्रतिमाह कम से कम एक बार जिले का भ्रमण कर समीक्षा करेंगे तथा अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे।

### इन अधिकारियों को इन जिलों का प्रभार

ऋचा शर्मा अपर मुख्य सचिव, रायपुर, मनोज कुमार पिंगुआ अपर मुख्य सचिव, बिलासपुर, निहारिका बारिक प्रमुख सचिव, महासमुंद, सोनमणि बोरा प्रमुख सचिव, दुर्ग, शहला निगार सचिव, बेमेतरा, डॉ. रोहित यादव सचिव, कोरबा, डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव, सरगुजा,



परदेशी सिद्धार्थ कोमल सचिव, बलौदाबाजार-भाटापारा, रीना बाबासाहेब कंगाले, सचिव, कांकेर, अविनाश चम्पावत , सचिव, राजनांदगांव, अमित कटारिया, सचिव, बस्तर, आर. शगीता गरियाबंद, सचिव, रायगढ़, रजत कुमार सचिव रायगढ़, राजेश सुकुमार टोप्पो कोरिया, एस प्रकाश सचिव,जांजगीर चांपा, श्री अंकित आनंद सचिव जशपुर, डा.सीआर प्रसन्ना सूरजपुर, भुवनेश यादव सचिव बालोद, एस. भारतीदासन सचिव, कबीरधाम, शम्मी आबिदी सचिव, धमतरी, हिमशिखर गुप्ता सचिव सारंगढ़-बिलाईगढ़, मो. कैंसर अब्दुलहक सचिव गोरेला पेण्ड्रा-मरवाही, भीम सिंह सचिव कोंडागांव, शिखा राजपूत तिवारी आयुक्त, खैरागढ़-छुईखदान गंडई, श्याम लाल धावडे सचिव, सुकमा, डॉ. प्रियंका शुक्ला आयुक्त सह-संचालक दंतेवाड़ा, किरण कौशल प्रबंध संचालक सक्ती,अवनीश कुमार शरण आयुक्त बलरामपुर-रामानुजगंज, सारांश मित्तर आयुक्त बीजापुर, पदुम सिंह एल्मा संचालक, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, रमेश कुमार शर्मा विशेष सचिव मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, चंदन कुमार विशेष सचिव मुंगेली, जितेन्द्र कुमार शुक्ला मिशन संचालक नारायणपुर।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /ब-121/2025-26

रायपुर, दिनांक 09/10/2025
ग्राम....... प.ह.न.......
तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक रंजीता दीप पति मोनूराज द्वारा इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पिता/पति/पुत्र लवीस दीप की जन्म दिनांक 07/11/2022 को घर में हो चुकी है। उनके जन्म उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 24/10/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिध के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 517, को श्री श्याम साहू पिता श्री करण साहू एवं श्री टिकेश्वर कुमार साहू पिता श्री सुखू राम साहू के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 25.08.2023 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री श्याम कुमार साहू पिता श्री करण साहू निवासीः- कसेर पारा, आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री टिकेश्वर कुमार साहू पिता श्री सुखू राम साहू निवासीः- भाठापारा, ग्राम - भोरिंग, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 517, के हकत्याग में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर, में ई.डब्ल्यू.एस.टाईप - 1/17, श्रीमती श्यामा देवी कुर्रे पति श्री बी.डी.कुर्रे एवं श्री बी.डी. कुर्रे पिता स्व. श्री जीवलाल कुर्रे पताः- मारूती वर्क्स शॉप के पीछे, (गली संकरी) रविग्राम तेलीबांध रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा किया गया है रजिस्ट्री एवं अधिपत्य की कार्यवाही शेष है। सह आबंटी श्री बी.डी. कुर्रे पिता स्व. श्री जीवलाल कुर्रे की मृत्यु दिनांक 24.07.2018 को हो गया है। श्रीमती श्यामा देवी कुर्रे पति श्री बी.डी. कुर्रे, द्वारा अपने पति के मृत्यु होने के उपरांत उक्त स्वतंत्र भवन को अपने एकल नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में ई.डब्ल्यु.एस. टाईप - 1/17, के एकल नाम करने संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक - 281, को श्री योगेश कुमार साहू पिता श्री करण लाल साहू एवं श्री सेवक राम साहू पिता श्री बिसौहा राम साहू के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 29.07.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री योगेश कुमार साहू पिता श्री करण लाल साहू निवासीः- कसेर पारा, आरंग, तहसील - आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सेवक राम साहू पिता श्री बिसौहा राम साहू निवासीः- बरगुड़ी पारा, आरंग, तहसील - आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) के नाम पर हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 281, के हकत्याग में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, जिला - रायपुर**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / वा./ ना.तह./ 2025-26

समोदा, दिनांक 09.10.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर लाल कनौजे पिता स्व. श्री मेहतरू लाज कनौजे निवासी लक्ष्मीनारायणदास वार्ड क्र. 42 पुरानी बस्ती कायस्थ पारा म0नं0 1231 रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र पेश कर मौजा ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग, जिला- रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 73/1 रकबा 0.95 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का नक्शा में त्रुटी होने से नक्शा सुधार हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 31.10.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार समोदा**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदो - साथ में आर्कषक उपहार पाओ
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 44000/- से स्टाट
एक चार्जिंग में 70 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली
भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
MRP. 6700/-
Free Gift
HAION Electric Vehicles
Authorised Dealer
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
Mob. - 9039772000, 8962772000, 9229221744

भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi SWIMMING ACADEMY
चौबे कालोनी रायपुर में जल्दी स्वीमिंग सीखने के लिए ज्वाईन करें
यहां उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय तैराको को विशेष रूप से स्वीमिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
सुबह का समय - 6 से 7, 7 से 8, 8 से 9, 9 से 10 बजे तक
शाम का समय - 4 से 5, 5 से 6, 6 से 7, 7 से 8 बजे तक
विशेष - रविवार को सुबह 9 से 10 बजे
FREE DEMO CLASS
बालक/बालिका को दिया जाएगा...
मो. 9589854455

इस त्यौहार शान से चालायें, अभी घर लाएं...
लोडर 160000/- में ऑन रोड
दोपहिया वाहन रु 38000/- मात्र से शुरू
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध है
और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध है
न्यूनतम डाउनपेमेंट 25000/-
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
पता- सीता टावर, राधा मोहन टावर के पास, भैस्थान रोड, रायपुर (छ.ग.)

UNIQUE & RELIABLE STORE FOR PERFECT GIFTS
D ART
सजाएं अपना घर
शो-पीस • मेटल आर्ट • पेंटिंग
वॉल क्लॉक • मिरर • फ्लॉवर पॉट
आर्टिफिशियल प्लान्ट्स
एवं कई अट्रैक्टिव आइटम्स
D'Art
SUNDAYS OPEN
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. 9300015858, 7415800058

DYNAMO Electric Vehicle
XO 501/- में घर लेकर जाये आसान किस्तों में
0% Down Payment
3 Year Warranty
3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

BAXY Mobility
भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
GST कम होने पर, दामों में कमी
तत्काल फायनेंस की सुविधा
15/36 माह की बैटरी पर वारंटी
120 किलोमीटर तक की रेंज
130/135 AH की बैटरी के साथ
मजबूत एवं भरोसेमंद • लो मेंटनेंस
दीवाली धमाका
मात्र 1 लाख में ई-रिक्शा
प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर LED TV फ्री
ऑफर सीमित समय के लिये
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

Direct from factory
Offer 35% less
Call for more details
Interio's
World of Interiors & Modular Kitchen
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333

30 से 50% लेस
IN YOUR HOME
OLD MATTRESS EXCHANGE OFFER
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी, रायपुर
9827976266, 7987918262

HORIZON OF STARS & PLANETS
(ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या,
नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252


पुष्य नक्षत्र की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
GST ₹ में 50,000/- तक फायदा
Festive DHAMAKA OFFERS
43 inch TV
23000/-
14499/-
साथ में एक ट्रॉली बैग FREE*
और एक आयरन FREE*
32 inch TV
13000/-
7499/-
साथ में एक ट्रॉली बैग FREE*
हर कम्पनीयों का टी.वी. उपलब्ध
mi xiaomi
SAMSUNG
LG
Haier
aiwa
ViVO
V60E के साथ
+ + 5 गिफ्ट
2 Year Warranty
कैश में लेने पर 3000/- तक का Cash Back*
BAJAJ FINSERV
APPLE
IDFC FIRST Bank
Iphone 15 सिर्फ 84/ दिन EMI
Iphone 16 सिर्फ 98/ दिन EMI
Iphone 17 सिर्फ 115/ दिन EMI
पेपर कटिंग लाने पर 12 माह तक Screen Guard FREE*
हर मोबाईल की खरिदि पर
ट्रौली बैग
या
ब्लू-टूथ स्पीकर
बिल्कुल फ्री*
Galaxy S24 Ultra
REFRIGERATOR
फ्रीज़ मात्र
10990/-
से सुरू
T&C*Apply
GURUDEV MOBILE
संतोषी नगर, तरूण सब्जी मार्केट के सामने, रायपुर
79877 86097, 73890 77749, 91311 51105

# जीएनएम से बीएससी में अपग्रेड 1400 सीटें काउंसिलिंग से बाहर, चार साल से दिया जा रहा था एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले चार साल से जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड हुई 1400 सीटों पर एडमिशन दिया जाता रहा उसे इस बार काउंसिलिंग से बाहर कर दिया गया। एडमिशन के लिए आवेदन के दौरान च्वाइस फीलिंग में इन संस्थाओं का नाम शामिल होने पर मामले का खुलासा हुआ। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए राज्य शासन से अनुमति नहीं लेने का हवाला दिया गया है।

निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस बात की जानकारी संबंधित कालेज प्रबंधन को भी नहीं दी गई है। सोमवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र चौबे एवं अन्य प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिखा राजपूत तिवारी से मिला। जानकारी के अनुसार पूर्व में जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड होने वाली सीटों को सीजी एनआरसी से मान्यता और संबंधित संस्थानों को आयुष से संबद्धता मिलने के बाद काउंसिलिंग में शामिल किया जाता था। राज्य में 5 जीएनएम कालेज की करीब 180 सीटें बीएससी में कन्वर्ट हुई। इसके साथ ही लगभग बीएससी के पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले 30 कालेजों की जीएनएम की लगभग 1300 सीटों को अपग्रेड किया गया था। इस बार एडमिशन के लिए आवेदन और संस्था चयन में संबंधित संस्था का नाम शामिल नहीं किया गया है। इससे राज्य में बीएससी की पढ़ाई की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को नुकसान होने की आशंका है। कालेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सचिव द्वारा इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## च्वाइस फीलिंग में संस्था का नाम नहीं होने पर खुलासा



### सीट मैट्रिक्स जारी नहीं

नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की मंगलवार को अंतिम तिथि है। इसके बाद सीएमई द्वारा जारी होने वाले शेड्यूल के हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिकायत की जा रही है कि पूर्व में काउंसिलिंग के पहले सीटों की जानकारी संबंधित संस्था के साथ वेबसाइट पर अपलोड की जाती थी। इस बार ऐसा नहीं किया गया है, जिसकी वजह अभ्यर्थियों को यह पता नहीं चल पा रहा है कि किस कालेज में कितनी सीटें हैं।

## खबर संक्षेप



### संत युधिष्ठिर लाल ने एक दीया श्रीराम के नाम का किया शुभारंभ

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा डा. एनडी गजवानी क्लीनिक में सोमवार को एक दीया श्रीराम के नाम पर निशुल्क दीया एवं रंगोली वितरण किया गया। यह वितरण शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 18 अक्टूबर तक अलग-अलग बस्ती और कॉलोनी में दीया रंगोली निशुल्क वितरण किया जाएगा, बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने दीप जलाकर राम भजन गाया और साथ में दिए और रंगोली के पैकेट साथ में लेकर गए। इस अवसर पर शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, सिंधी काउंसिल प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, डा. एनडी गजवानी, डा. किरण माखीजा, नितिन कृष्णानी, सुनील कुकरेजा, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, डा. निखिल मोतीरमानी, इंदु गोधवानी, मोहन वलयानी रोशन आहूजा दिनेश आठवानी डॉक्टर नीलिमा आहूजा, चंदर देवानी महेश खिलनानी, राजेश रेलवानी आदि उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर



रायपुर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग, सर्व युवा ब्राह्मण परिषद एवं एसके केयर हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका की ओर से संगठन के संस्थापक एवं पूर्व चेयरमैन की मांगेराम शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्रपति शिवाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को लगाया गया। शिविर में 180 छात्रों, अभिभावकों एवं मरीजों ने चिकित्सा लाभ लिया। इस मौके पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं प्रदेश महासचिव डॉ. सुनील कुमार ओझा ने बताया कि छत्रपति शिवाजी विद्यालय प्रबंधन के सक्रिय सहयोग के लिए संचालक मुकेश शाह, प्राचार्य रशीदा फाजली, पार्वती देवांगन, नीना शर्मा, दुर्गा यादव, कृष्णा विशाल, तिलक यादव आदि सहयोगी स्टाफ को सम्मान-पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुणानिधि मिश्रा, सुरेश मिश्रा, नमिता शर्मा, अजय अवस्थी, रज्जन अग्निहोत्री, त्रिभुवन तिवारी, नितिन कुमार झा आदि शामिल थे।

### एमएमआई अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी शुरू

रायपुर। एमएमआई नारायणा अस्पताल में अपनी समर्पित लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी की शुरू की गई है। इस नई ओपीडी में लिवर फेल्योर, लिवर कैंसर, बाइलरी डिजीज और अन्य जटिल हेपेटोबिलियरी स्थितियों से जूझ रहे मरीजों के लिए विशेष परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इस लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी का नेतृत्व डॉ. संजय गोजा, प्रोग्राम डायरेक्टर एवं क्लिनिकल लीड लिवर ट्रांसप्लांट, एचपीबी सर्जरी एवं रोबोटिक लिवर सर्जरी, नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम द्वारा किया जाएगा। डॉ. गोजा उत्तर भारत में सफल लिवर ट्रांसप्लांट और रोबोटिक लिवर सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणी विशेषज्ञों में से एक हैं। अब वे रायपुर और आसपास के मरीजों को भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ देंगे।

# बोट में मशीन फिट कर पाइप लाइन के जरिए नदी से बाहर निकाली जा रही थी रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आरंग के ग्राम गुदगुदा नदी घाट पर अवैध रेत उत्खनन पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

रेत का अवैध रूप से उत्खनन करने वाले माफिया तथा उनके लोग अब नदी में पानी कम होने का भी इंतजार नहीं कर रहे हैं। वे लोग बोट में मशीन फिट कर पानी के ऊपर पाइप लाइन बिछाकर उसी के जरिए रेत खींच कर नदी से बाहर निकाल रहे हैं। आरंग क्षेत्र के ग्राम गुदगुदा नदी में इसी प्रकार कुछ लोग नदी से रेत बाहर निकाल रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त ने टीम इस नदी घाट पर छापा मारते हुए दो बोट, उसमें लगी मशीन, पाइप, ड्रम के साथ दो चेन माउंटेन मशीन भी जब्त की है।

खनिज अधिकारी हेमंत क्षेरपा ने बताया, सूचना मिली थी कि आरंग क्षेत्र के ग्राम गुदगुदा नदी घाट में रेत माफिया के लोग पनडुब्बीनुमा मशीन से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इस सूचना पर विभाग की टीम के अलावा आरंग क्षेत्र के राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से इस घाट पर छापा मारा। इस दौरान घाट पर दो चेन माउंटेन मशीन के साथ नदी से दो बोट जब्त किया है।

इस बोट में पानी के साथ रेत खींचने वाली मशीन लगी हुई थी। बोट से नदी के तट तक पाइप लाइन बिछाई गई थी। इस पाइप लाइन का एक छोर बोट के ऊपर से होकर नदी के अंदर तक घुसा हुआ था, वहीं दूसरा छोर नदी के तट तक था। इस पाइप लाइन को नदी में तैराने के लिए उसके नीचे कई जगह पर ड्रम लगाए गए थे। इस तरह रेत को इसी पाइप लाइन के जरिए नदी से पानी के साथ खींचकर तट तक पहुंचाया जा रहा था। इस तरह से यहां रेत का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा था।





### जब्त गाड़ी मालिकों पर जुर्माना

इस कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके पर दो चेन माउंटेन मशीन जब्त की है। इन दोनों मशीन के मालिक के विरुद्ध विभाग ने प्रकरण बनाते हुए उनके खिलाफ जुर्माना लगाया है।

### पहले भी इस तरह के मामले आ चुके सामने

पनडुब्बीनुमा बोट एवं पाइप लाइन के जरिए नदी से रेत बाहर निकालने का अवैध खेल यह पहला नहीं है। जिले में इससे भी पहले इस तरह के तीन-चार मामले सामने आ चुके हैं। इनमें तीन मामले आरंग क्षेत्र के ही है, वहीं एक मामला अभनपुर क्षेत्र का है। इन मामलों में भी विभागीय टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से नाव सहित अन्य सामग्री जब्त की थी, लेकिन मौके से किसी को गिरफ्तारी नहीं किया था। इससे पता चलता है कि विभाग के छापा मारने की सूचना पहले ही माफिया और उसके लोगों तक पहुंच जाती है।

### मौके पर कोई गिरफ्तारी नहीं

इस छापा मार कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से अवैध उत्खनन में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री को जब्त किया है, लेकिन मौके पर कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां कोई नहीं था। इससे पता चलता है कि टीम के वहां पहुंचने की खबर पहले ही इस अवैध कार्य में लगे लोगों को मिल चुकी थी।

# मौसम बदल रहा पर पीछा नहीं छोड़ रहा वायरल इंफेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ओपीडी में नए की तुलना में पुराने मरीज ज्यादा
- अब ठंडी-गर्मी का मौसम परेशानी बढ़ाएगा

भले ही मौसम में बदलाव होने लगा है, मगर बारिश के दौरान होने वाली वायरल इंफेक्शन की समस्या पीछा नहीं छोड़ रही है। बुखार, हरारत और जुकाम जैसी परेशानी देर से ठीक हो रही, जिसकी वजह से अस्पतालों में नए के बजाए पुराने मरीजों की संख्या अधिक है। अब ठंडी-गर्मी से होने वाली परेशानी लोगों की समस्या बढ़ाएगी।

चिकित्सकों के मुताबिक वायरल इंफेक्शन की समस्या महीनेभर से अपना असर दिखा रही है। थोड़ी लापरवाही होने पर इंफ्लुएंजा के वायरस बुखार, कमजोरी अथवा सर्दी-जुकाम के रूप में लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। बारिश के सीजन में होने वाला यह संक्रमण इतना पॉवरफुल है कि मौसम बदलने के बाद भी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है।

आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों के अनुसार वर्तमान में विभाग आने वाले नए मरीजों की संख्या पुराने मरीजों की तुलना में कम है। जिन्हें संक्रमण हो चुका है, वे पोस्ट वायरल की समस्याओं के साथ अस्पताल के एक दो चक्कर लगा रहे हैं। आने वाले दिनों में जब ठंड अपना असर दिखाना शुरू करेगी, तब एक बार फिर मौसम से संबंधित बीमारी अपना असर दिखाना शुरू करेगी।



### त्योहार का असर भी

सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में अब दीपावली का असर होने लगा है। इलाज की ज्यादा जरूरत वाले मरीज ही अब ओपीडी में इलाज की खातिर आ रहे हैं। सोमवार को आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में कुल 2688 लोग पहुंचे। इसमें से 1216 नए और 1472 पुराने मरीज थे। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में ओपीडी के साथ आईपीडी में भी कमी आएगी। वहां नियमित तरह की सर्जरी कराने आने वाले मरीज भी त्योहार मनाने के बाद ही अस्पताल लौटेंगे।

## पेज 03 के शेष ...

### साइंस कॉलेज हॉस्टल पर...

के वॉर्डन और प्रबंधन मौके पर पहुंचा। रात में ही शिकायत करने छात्रों संग प्राचार्य भी सरस्वती नगर थाने पहुंचे। यहां विद्यार्थियों ने अपने साथ हुई आपबीती बताते हुए शिकायत दर्ज कराई। खबर लिखे जाने तक आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 15(2), 191(2), 191(3), 304(2) व 333 लगाई गई है। मामले को संवेदनशील श्रेणी में रखकर जांच की जा रही है।

### नवजात के सीने के समीप मां की...

356(1) के तहत अपराध दर्ज किया है। बच्चे के सीने के पास एचआईवी की तख्ती लटकाए जाने की हरिभूमि ने पिछले दिनों प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। प्रकाशित खबर को सूराज जन कल्याण समिति ने संज्ञान में लेते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

सूरज जन कल्याण समिति सोसायटी के अध्यक्ष प्रीतम महानंद की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रीतम ने पुलिस को बताया है कि उन्हें हरिभूमि में प्रकाशित खबर से नवजात के सीने के पास एचआईवी की तख्ती लटकाए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद वह अस्पताल पहुंचा। अस्पताल पहुंचने के बाद वह नवजात के पिता से मिला। नवजात का पिता अस्पताल के गेट के पास रो रहा था।

### पुष्य नक्षत्र पर आज बाजार...

वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। इसीलिए राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरों में ग्राहक सुबह से लेकर रात तक खरीदारी करेंगे। पुष्य नक्षत्र इस बार भी दो दिनों का होने के कारण दूसरे दिन भी दोपहर तक जमकर खरीदारी होगी।

**दो सौ करोड़ का बिकेगा कपड़ा** : कपड़ों का बाजार तो नवरात्रि के समय ही गुलजार है। यहां पर लगातार खरीदारी हो रही है। पुष्य नक्षत्र पर भी बाजार गुलजार रहेगा। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक प्रदेश के शहरों के साथ आस-पास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने लगातार पहुंच रहे हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक आ रहे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में पुष्य नक्षत्र में प्रदेश भर में दो सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार रेडीमेड को मिलकर होने का अनुमान है। नवरात्रि से लेकर दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा।

**ज्यादा बिकेंगे वाहन** : पुष्य नक्षत्र पर वाहनों की खरीदारी को भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में धनतेरस की तरह ही वाहन बिकते हैं, लेकिन धनतेरस से कारोबार कुछ कम होता है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश भर में करीब दस हजार हजार बाइक और करीब पांच सौ चार पहिया वाहन बिकने का अनुमान है। कुल मिलाकर प्रदेश भर में ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक पुष्य नक्षत्र पर भी नवरात्रि की तरह अच्छा कारोबार होने का अनुमान है। इस बार जीएसटी कम होने के कारण वाहन ज्यादा बिकेंगे।

### सबसे ज्यादा बिकेगा...

सराफा कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश भर में आठ सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सबसे ज्यादा खरीदारी पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर होगी। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी का कारोबार भी भरपूर होगा।

जेवर, चांदी के सिक्कों के साथ ही पूजा के लिए लोग लक्ष्मी, गणेश सहित कई देवी-देवताओं की मूर्ति लेते हैं। कीमत ज्यादा होने के कारण और ज्यादा खरीदारी की संभावना है।

### मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स...

थिएटर आदि की भी जमकर खरीदारी होती है। जीएसटी कम होने के कारण लोगों को दस फीसदी तक कम पैसे लग रहे हैं, ऐसे में पूरे प्रदेश में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स को मिलाकर चार सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।

# कांदुल-काठाडीह में की जा रही थी अवैध प्लाटिंग



रायपुर। जिला प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम ने सोमवार को राजधानी रायपुर से लगे ग्राम कांदुल और काठाडीह में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए रोक लगाई है। कांदुल में दो जगह पर 5-5 एकड़ भूमि को टुकड़ों में बेचने के लिए अवैध प्लाटिंग की गई थी, वहीं काठाडीह में 1.77 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। टीम ने तीनों जगह पर कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगाई है। एसडीएम रायपुर नंदकुमार चौबे ने बताया कि विभाग को जानकारी मिली थी कि ग्राम कांदुल और काठाडीह में कुछ लोग अवैध प्लाटिंग कर भूमि को बेच रहे हैं। इस जानकारी पर उन्होंने विभागीय टीम को मौके पर भेजा। इस दौरान ग्राम कांदुल में दो अलग-अलग स्थान पर लगभग 5-5 एकड़ भूमि पर मुरुम रोड बनाने के साथ पिलर बनाए गए थे। टीम ने मुरुम रोड को खोदकर उसे काटने के साथ पिलर को तोड़ने की कार्रवाई की। इसी प्रकार ग्राम काठाडीह में भी 1.77 एकड़ भूमि को भी टुकड़ों में बांटकर वहां प्लाटिंग की गई थी। यहां भी कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगाई। टीम में अतिरिक्त तहसीलदार राकेश देवांगन, राजस्व निरीक्षक, पटवारी आदि शामिल थे।

